CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :35°C न्यूनतम: 24°C


सेंसेक्स 81,186.44 निफ्टी 24,683.90

सोना 96,380 चांदी 97,000

मुजफ्फरनगर, बुधवार 21 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



## संक्षिप्त समाचार

### मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले, तो बेहतर।

### खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। खट्टर ने ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में कल आयोजित ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 2018 के बाद प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त होगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से प्राथमिक 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती में चयनित ऐसे शिक्षक, जिन्होंने 2018 के बाद शैक्षिक योग्यता प्राप्त की थी, उनकी सेवा अब समाप्त कर दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस मामले में निर्देश जारी कर दिया गया है । सचिव ने बीएसए को आदेश देते हुए कहा कि जिन्होंने 2018 के बाद आवेदन किया था, उन शिक्षकों की सेवा तुरंत खत्म कर दी जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में आदेश देते हुए कहा तय तिथि के बाद अभ्यर्थी का चयन नहीं होगा। 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में कई ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने तय तिथि के बाद आवेदन किया था। 2018 तक हुआ था शिक्षक भर्ती का आवेदन, लेकिन इसके बाद भी तय तिथि के बाद भी अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साफ-साफ कहा है की 2018 के बाद जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वह अब चयन के पात्र नहीं हैं। शिक्षकों के चयन के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## योगी ने कासगंज में साठ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

# आंतरिक सुरक्षा को पुलिस आधुनिकीकरण जरूरी

**कासगंज, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है। कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं।

योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस



■ पुलिस लाइंस बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च हुए, पुलिस के मार्डन होने पर मील का पत्थर साबित होगी : सीएम

### पूर्ववर्ती सरकारें फैलाती थी अराजकता

उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में कासगंज जिले के गठन के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने पुलिस लाइंस जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। 2008 से 2017 तक, न जमीन दी गई, न पैसा। 12 जिलों में पुलिस लाइंस नहीं थीं। डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था। ऐसी स्थिति में 25 करोड़ की आबादी की सुरक्षा कैसे संभव थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुंडों के साथ मिलकर अराजकता फैलाती थीं, सज्जनों को प्रताड़ित करती थीं।

1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को अब यमराज का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जैसे देश की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के सेना का आधुनिकीकरण किया, जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में देखनो को मिला, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास मजबूत सेना और बहादुर जवान न होते, तो देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। आज भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने की क्षमता रखती है। वैसे ही देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। योगी ने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल था।

## पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप

### राज्य मंत्री की शिकायत पर सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

**लखनऊ।** यूपी के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया, जब राज्य मंत्री ने 1 मई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुख्य अभियंता पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री को कई दिनों से रामनाथ सिंह के भ्रष्टाचार के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि रामनाथ सिंह ने अफसरों से सठगांठ करके लखनऊ में पिछले 18 साल से तैनाती कर रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने करीबी ठेकेदारों को टेंडर दिलाने और कमीशन वसूलने का भी आरोप झेला है। इसके अलावा रामनाथ सिंह पर यह भी आरोप है कि उन्होंने ठेकेदारों के रजिस्ट्रेशन में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मोटी रकम कमाई। इसमें भी आरोप है कि रामनाथ सिंह निर्माण कार्यों की जांच करने के नाम पर वसूली करते थे। अपने नजदीकी कर्मचारियों को भी दो-दो पदों का लाभ दिलाने के आरोप भी उन्हें झेलने पड़ रहे हैं। इन सब आरोपों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ सिंह का तत्काल स्थानांतरण करने का आदेश दिया है और मामले की जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मयंकेश्वर शरण सिंह ने सीएम से मुलाकात में आरोप लगाया था कि रामनाथ सिंह ने विभाग में अपनी लंबी तैनाती का फायदा उठाते हुए कई घोटाले किए हैं और उन्होंने विभागीय कार्यों में अनियमितताएं बरती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में पारदर्शिता की कमी के कारण भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिससे सरकारी कामों में देरी और गुणवत्ता की कमी आ रही है।

## राहुल ने कर्नाटक में छठी गारंटी का शुभारंभ किया

**होसपेट, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की छठी गारंटी के रूप में नई भूमि अधिकार पहल की घोषणा की।

सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्यक्ष लाभ योजनाओं के माध्यम से लोगों के कर के पैसे को वापस करने का अपना वादा पूरा किया है और अब वंचितों के लिए भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भूमि स्वामित्व का मुद्दा लंबे समय से अनसुलझा है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गैर-मान्यता प्राप्त राजस्व गांवों में रहने वाले आदिवासी समुदाय प्रभावित हैं। हमने देखा कि हालांकि बहुत सारी जमीन है, लेकिन कई लोग कानूनी रूप से इसके मालिक नहीं हैं। इस छठी गारंटी के साथ, हमारा लक्ष्य उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारना है। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि सरकार 500 नए राजस्व गांवों को अधिसूचित करेगी और वर्तमान में बिना औपचारिक शीर्षक वाले परिवारों के लिए भूमि का सही स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय



■ सरकार के दो साल पूरे होने पर संकल्प रैली

गारंटी समितियों की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश का पहला राज्य होगा जो सार्वभौमिक भूमि स्वामित्व को लागू करेगा। भूमि लोगों की है। यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए हमारा दृष्टिकोण है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल हाशिए पर पड़े समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर एक ऐसे मॉडल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसका लाभ केवल कुछ अमीर परिवारों को मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मॉडल के तहत सार्वजनिक धन विदेश में, लंदन और न्यूयॉर्क की संपत्तियों में जाता है, जबकि हमारा मॉडल गरीबों के हाथों में और स्थानीय अर्थव्यवस्था में पैसा पहुंचाता है।

## स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। विभागीय मंत्री अस्पतालों, चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने और मरीजों के इलाज के बजाय दूसरे कामों में व्यस्त है। उन्हें आम जनता और मरीजों की समस्याओं और परेशानी से कोई मतलब नहीं है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में सरकारी और निजी अस्पतालों में मनमानी चरम पर है। भाजपा सरकार मरीजों और उनके तीमारदारों को इलाज और न्याय दिलाने के बजाय पीड़ितों पर लाठीचार्ज करती है। अस्पतालों में दवा, जांचें और उचित इलाज नहीं मिल रहा है। गरीब सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच भटकने पर मजबूर हैं। अस्पतालों में कहीं डॉक्टर नहीं है, कहीं स्ट्रेचर और बेड नहीं है, तो कहीं जांचें ठप्प है। स्वास्थ्य



■ गरीब सरकारी निजी अस्पतालों के बीच फंसे

विभाग इलाज और सुविधाओं की जगह भ्रष्टाचार और आगजनी की घटनाओं के लिए पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के अभाव में थक हार कर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे है।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लूट हो रही है। कन्नौज के छिबरामऊ में निजी अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही से एक बेटी रूचि गुप्ता को जान गवानी पड़ी। बेटी के लिए न्याय मांगने वालों पर सरकार ने अत्याचार किया। न्याय के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भाजपा सरकार की पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नौज के भाजपा नेता सुब्रत पाठक, विधायक श्रीमती अर्चना पाण्डेय और सरकार का आरोपियों को संरक्षण है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली में डूबती जा रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मरीजों का भरोसा उठता जा रहा है। जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर केवल बिल्डिंगें खड़ी है। समाजवादी सरकार में जौनपुर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज समेत कई जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए गए। लखनऊ में विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान बनाया गया। लेकिन इस सरकार ने इलाज और सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री अपने विभागीय कार्यों में असफल होने के बाद वे ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने के कार्य में ज्यादा रूचि ले रहे है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हम तैयार हैं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सभी नागरिक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अब्दुल्ला ने गंदेरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। प्रशासन का तत्काल ध्यान तीन जून को कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक धार्मिक आयोजन, वार्षिक माता खीर भवानी मेले के सफल आयोजन पर है। उन्होंने से कहा कि जहां तक नागरिक व्यवस्थाओं का सवाल है, हम पूरी तरह तैयार हैं। जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उचित कदम उठाए जाएंगे। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा, हिंदू धर्म की सबसे प्रतिष्ठित तीर्थयात्राओं में से एक, पारंपरिक रूप से सोनामर्ग- बालटाल और पहलगाम मार्गों से संचालित की जाती है।

## उप्र में प्रचंड तपिश से राहत पहुंचाएंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में 23 मई को आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं, जिसके चलते तापमान में मामूली गिरावट आने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर पाकिस्तान से बांग्लादेश तक विस्तृत द्रोणी के कारण चल रही आर्द्र पुरवा के प्रभाव से बुन्देलखंड को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में दैनिक उतार चढ़ाव के बावजूद यद्यपि अधिकतम तापमान सामान्य अथवा सामान्य से कम बने हुए हैं। हालांकि वायुमंडलीय आर्द्रता का स्तर बढ़ने से आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है। उन्होने बताया कि बुन्देलखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा एवं झांसी में 45 डिग्री



सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किए गए। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा भी रिकॉर्ड की गई।

विभाग के अनुसार आगामी 24-48 घंटों के दौरान इन परिस्थितियों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा 22 मई को अरब सागर में संभावित निम्न दाब क्षेत्र एवं इसके उत्तरोत्तर घानीभूत होते हुए उत्तर दिशा की ओर बढ़ने से अरब सागर से आने वाली नम दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं का प्रदेश में चल रही पुरवा हवाओं के साथ समागम के परिणामस्वरूप 23 मई से प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफल एवं तीव्रता दोनों में वृद्धि होने से तापमान में थोड़ी और गिरावट आने की संभावना है।


## अर्थ व्यापार

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में मचा कोहराम

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफ़ावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही, वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974



में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई, वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059.42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24,996.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,010.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,669.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान संसेक्स में आईटीसी, इंफ़ोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे।

## अर्थ व्यापार

## उठाव कमजोर, खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट की तेजी के साथ 3926 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट गिरकर 49.30 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गए, जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल में 147 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पोस्टर वॉर...**को राहुल गांधी ने एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर कर जयशंकर पर पाकिस्तान को जानकारी देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा कि सरकार ने ऐसा किया। उन्हें किसने अधिकार दिया? इसके चलते हमें वायुसेना को कितने विमान गंवाने पड़े? विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया था। वहीं, डीजीएमओ राजीव घई ने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इन्कार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 19 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

**हवाला की तरह....** आप जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेंगे, लेकिन इसे रेगुलेट करने के बारे में क्या सोचा है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर यह टिप्पणी गुजरात में अवैध बिटकॉइन ट्रेड के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी शैलेश बाबूलाल भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शैलेश भट्ट पर कई राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित धोखाधड़ी का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि वह यह पता नहीं लगा सकती कि आरोपी पीड़ित है या लोगों को प्रताड़ित करने वाला। दरअसल, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दावा किया था कि आरोपी गुजरात में बिटकॉइन के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक था और उसने हाई रिटर्न का वादा करके दूसरों के साथ धोखाधड़ी और किडनैपिंग की। आरोपी शैलेश भट्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने पहले तर्क दिया था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग अवैध नहीं है, खासकर 2020 से जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस सर्कुलर को रद्द कर दिया था, जिसने बैंकों को क्रिप्टो-संबंधित लेनदेन की सुविधा देने से रोक दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून के अभाव में भट्ट की गिरफ्तारी गलत थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग हवाला कारोबार के नए तरीके से निपटने जैसा है। बेंच ने अफसोस जताया कि केंद्र अब तक क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बना पाया है।

## सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं, बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे



संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है, लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी। वो आतंकवादी कहां चले गए, वे पाकिस्तान वापस चले गए या भारत की जमीन पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के बदले, सरकार ने इस मुद्दे पर सवाल पूछने वाले गुजरात के लीडिंग न्यूज पेपर 'गुजरात समाचार' के मैनेजिंग एडिटर को टारगेट किया है, ये भाजपा सरकार की मंशा को दिखाता है। ऐसा लगता है कि पहलगाम के आतंकवादियों को पकड़ना इस सरकार की प्राथमिकता नहीं है। सरकार की प्राथमिकता है कि कैसे सत्ता से सवाल पूछने वाले अखबारों को बंद किया जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

तापमान
अधिकतम : 42°C
न्यूनतम : 27°C

सेंसेक्स 81,186.44
निफ्टी 24,683.90

सोना 96,380
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 21 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 129 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने की नेतन्याहू की घेराबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पोस्टर वॉर: कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा

## भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया था, पाक आर्मी चीफ के साथ चेहरा किया मिक्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की।

उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं कि तेज आवाज में पूछो। 19 मई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि विदेश मंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। 17 मई -शेष पृष्ठ दो पर



- राहुल ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी: भाजपा
- कांग्रेस ने भाजपा को सिंदूर का सौदागर बताया

# यूट्यूबर ज्योति के फोन स्टोरेज से मिला बीएसएफ मूवमेंट का वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुई, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ। हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। डिजिटल फोरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले। ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटा डेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा। ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवम्बर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी। वहीं, ज्योति की ट्रैवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती। ज्योति ने पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान व चीन से लगते संवेदनशील बॉर्डर एरिया के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे।



- यूट्यूबर से एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने की पूछताछ

## न्यायिक सेवा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है।

## परमाणु वैज्ञानिक एमआर श्रीनिवासन का निधन

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डा. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितम्बर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डा. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था।

## प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक व विज्ञान लेखक जयंत का निधन

**पुणे।** प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक डा. जयंत विष्णु नार्लीकर का मंगलवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। डा.नार्लीकर का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 19 जुलाई,1938 में हुआ था। उनके पिता विष्णु वासुदेव नार्लीकर सुप्रसिद्ध गणितज्ञ एवं बनारस विश्वविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख थे।

# हवाला की तरह अवैध है बिटकॉइन

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: यह अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिटकॉइन ट्रेड को हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक समानांतर अंडर-मार्केट है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाते। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करके, सरकार व्यापार पर नजर रख सकती है। बेंच ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि उसने लगभग दो साल पहले डिजिटल करेंसी को लेकर भारत की नीति पर स्पष्टता मांगी थी। इसके बावजूद सरकार इसे रेगुलेट करने में विफल रही। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंखें मूंदने के समान है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आपसे कोई नहीं कह रहा है कि बिटकॉइन ट्रेड पर रोक लगा दीजिए, क्योंकि आपने पहले कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी अवैध नहीं है और इस पर बैन लगाना अर्थव्यवस्था के लिए बुद्धिमानी नहीं होगी। बैन लगाने से शायद -शेष पृष्ठ दो पर



- कोर्ट ने कहा: सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाती

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज आगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार (आज) को सुनवाई तय की है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई (आज) से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असदुद्दीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं।

# मुठभेड़ में एक लाख का इनामी सोनू उर्फ भुर्रे ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** उप्र में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, जिस पर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी। बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि गत 24 अप्रैल को चोरी के दौरान उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। तब से वह फरार चल रहा था। भुर्रे के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती जैसे 48 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मृतक बदमाश ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नीपुरवा गांव के रहने वाले शिवदीन की हत्या कर दी थी। दरअसल, भुर्रे ने धन्नीपुरवा गांव में ही देवीदीन के घर में अपने साथियों के साथ चोरी की थी। भागते वक्त देवीदीन के छोटे भाई शिवदीन (22) ने उन्हें देख लिया। शिवदीन ने चोरों का पीछा किया और 100 मीटर दौड़कर भुर्रे को पकड़ लिया। भुर्रे ने खुद को छुड़ाने के लिए कमर से तमंचा निकाला और गोली चला दी। गोली शिवदीन के सीने में लग गई। वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़े। परिजन आनन-फानन में शिवदीन को अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



- मारा गया बदमाश चोरी और हत्या समेत कई जघन्य मामलों में था वांछित

## मुंबई में दो कोरोना पॉजिटिव की मौत

**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। सिंगापुर और हॉन्गकांग में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश में अत्यधिक सतर्कता बरत रहा है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय में कोविड संक्रमण के मामलों से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार हॉन्गकांग और सिंगापुर के घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई।






# प्रमुख ग्रंथी ने सेना के दावे को किया खारिज

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की नहीं दी थी अनुमति: अमरजीत

अमृतसर, वार्ता

**सचखंड श्री हरमंदिर** साहिब के अतिरिक्त प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी.कुन्हा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब के प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

ज्ञानी अमरजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि श्री हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर परिसर की बाहरी और ऊपरी लाइटें बंद करके शहर भर में ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, जिन स्थानों पर धार्मिक आचार संहिता (मर्यादा) का पालन किया जाता है, वहां लाइटें जलाई गई और धार्मिक स्थल की पवित्रता को पूरी जिम्मेदारी के साथ बनाए रखा गया। उन्होंने कहा कि सेना अधिकारी द्वारा किया गया दावा कि प्रमुख ग्रंथी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी, पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की कोई अनुमति कभी नहीं दी गई थी और न ही इस पवित्र स्थल पर ऐसी किसी तैनाती की अनुमति दी गई थी। उन्होंने दोहराया कि श्री दरबार साहिब, गुरु रामदास जी के लंगर, श्री अखंड पाठ साहिब के स्थान और अन्य संबंधित गुरुद्वारों में दैनिक धार्मिक अनुष्ठान सख्त प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाते हैं और किसी को भी उनमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।



- हरमंदिर साहिब के प्रबंधन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ब्लैकआउट के संबंध में जिला प्रशासन के दिशा- निर्देशों का किया था पालन

# बाइक व कार की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनपुर नहर पटरी पर बाईक व कार की भिड़ंत की जोरदार भिड़ंत हो गयी।इसमें आठ वर्षीय पुत्री सहित बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गये।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।जहां चिकित्सक ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। बाइक सवार ने हेलमेट नही पहन रखा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार की सुबह जनपद मुजफ्फरनगर थाना फुगाना के गांव लोई निवासी सरताज 55वर्ष पत्नि सलमा व आठ वर्षीय अज्जू के साथ बाइक द्वारा बिरालसी नहर पटरी से होता हुआ रिश्तेदारी में जा रहा था।जैसे ही वह मंगनपुर नहर पटरी पर पहुंचे तभी सामने से तेजगति से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दम्पत्ति बच्ची सहित नहर पटरी पर गिरकर घायल हो गये। तभी पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी सड़क पर गिरे बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में नहर में पलट गयी। हालांकि पिकअप चालक को मामूली चोट आयी। वही चालक कार लेकर फरार हो गया।हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। चिकित्सक ने घायल सरताज को मृत घोषित कर दिया। मौत



की सूचना से परिजनों में शोक छा गया। चरथावल क्षेत्र में14 घण्टे में हुए दो हादसों में दो मौत हो चुकी है।थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नही आई है।शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

# एसडी मैनेजमेंट में मेधावी बीसीए छात्राओं का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मे मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने पर उत्तीर्ण छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली दीक्षा पाल. ीवाल ने 82.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, दूसरे स्थान पर आने वाली देवांशी गर्ग ने 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व तीसरे स्थान पर आने वाली आयुषी ने 79.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया । इसी के साथ उन्होने कहा कि भविष्य में भी वे निरन्तर ऐसे ही मेहनत करते रहेगें।

प्रथम स्थान पर आने वाली दीक्षा पालीवाल ने कहा कि एसडी मैनेजमेंट में पढ़ाई का अच्छा माहौल है दूसरे स्थान पर आने वाली देवांशी गर्ग ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के अच्छे अनुशासन को दिया, देवांशी ने कहा कि वह सॉफ्टवेयर डैवलपर बनना चाहती है। तीसरे स्थान पर आने वाली आयुषी ने कहा कि हम और अधिक मेहनत से पढ़ाई कर आगे प्रथम स्थान प्राप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे। इसी के साथ सभी प्रतिभाशाली छात्र - छात्राओं ने सभी शिक्षकगणों को अपनी कामयाबी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें उचित शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिली व जीवन में आगे बढ़ने का हौसला मिला।कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ संदीप मित्तल जी ने तीनों छात्राओं को भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

उन्होने इस अवसर पर कहा कि जीवन में सफलता हमेशा अनुभव से आती है और अनुभव हमेशा बुरे अनुभव से आता है, जीवन में सफल होने के लिए आपको सबकों सुनने की आदत तो होनी ही चाहिए, लेकिन करना वही चाहिए जो आपके मन को बेहतर लगे। दुनिया की कोई ताकत तब तक आपको सफलता नहीं दिला सकती, जब तक कि आपके भीतर खुद से सफलता को पाने की इच्छा और जिद न आ जाए। सफलता पाने का सबसे पहला सूत्र सकारात्मक सोच और बदलाव है, जिससे वह सफलता की कुंजी को पा सकते है। सही समय पर लिया गया निर्णय ही आपके जीवन की रूपरेखा को बदल सकता है और सफलता दिला सकता है। अंत में उन्होंने बीसीए विभाग के विभागाअध्यक्ष व सभी शिक्षकगणों को बधाई दी।इसी क्रम में विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य प्रगतिशील मनुष्य का निर्माण करना है ना कि वह जो केवल पूर्णता के पीछे अस्पष्ट रूप से भागते हैं यदि आप इसके बारे में सोचते हैं तो मानव समाज को एक सभ्य समाज में बदलने वाला एकमात्र आवश्यक कारक शिक्षा है ऐसे हिंदी मोटिवेशनल कोट्स आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मजबूत बनाते हैं आपके अंदर की एनर्जी का निर्माण करते हैं जिससे छात्र - छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बनती है, इसके अलावा बीद्गसीद्गएद्ग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र - छात्राऐं विभिन्न कंपनियों में जॉब कर रहे हैं, जिसकी व्यवस्था कॉलेज की प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कराई जाती है। इस अवसर पर बीद्गसीद्गएद्ग विभाग से निरंकार शर्मा, अनुज गोयल, मोहित गोयल, हर्षिता, चांदना दीक्षित, वैभव वत्स, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक,श्वेता, हिमांशु शर्मा, देवेश भारद्वाज, विनिता चौधरी, सतीश, अमित, पवन एवं लवी वर्मा आदि शिक्षकगणों व स्टॉफ ने प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं की सराहना की ।

# श्री राम कॉलेज को अपने विद्यार्थियों पर गर्व : डा.कुलश्रेष्ठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। बी0बी0ए0 मे विराट चौहान ने सबसे अधिक 81.66 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधा पुंडीर ने 79 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली पलक मित्तल ने 77.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होने अपनी सफलता पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि सफलता का श्रेय गुरूजनों एवं माता-पिता को जाता है। उन्होंने कहा कि गुरूजनों द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन एवं ज्ञान के फलस्वरूप जीवन में यह स्वर्णिम दिन आया है। वहीं उन्होंने कहा कि अध्यापकों द्वारा समय-समय पर दिये गये टिप्स परीक्षा में मद्दगार साबित हुए है । श्री राम समूह के चेयरमेन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने बी0बी0ए0 के सभी विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई दी तथा कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है तथा कॉलेज का नाम रोशन कर रहे है। प्रबंधन खंड के डीन डॉ0 सौरभ मित्तल ने कहा कि किसी भी विभाग में विद्यार्थियों की सफलता एवं उज्जवल भविष्य अध्यापकों पर निर्भर करता है। इस अवसर पर बीबीए के विभागाध्यक्ष विवेक कुमार त्यागी ने कहा कि विभाग में पिछले सालों से भी ज्यादा सेमिनार तथा विशेषज्ञों के आयोजन का फल आज हमारे छात्रों के बेहतर प्रदर्शन के रूप में दिखाई दे रहा है।

विभाग के प्रवक्ताओ डा0 अतुल वर्मा, हिमांशु वर्मा, पूनम शर्मा, सागर शुक्ला, शिवानी शर्मा, जतिन सिंघल, ममता मित्तल, निशू वर्मा, नवीन कुमार, कपिल कुमार, हर्ष कुमार, तनु त्यागी, स्वाति तायल, मोनिका और जेबा ताहिर ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वामी यशवीर की चेतावनी के बाद 7 पर मुकदमा दर्ज

**तितावी।** तितावी के एक गांव में विशेष समुदाय की युवती प्रेम प्रसंग के चलते 15 मई को हिंदू युवक के पास जा पहुंची थी। युवक ने उसे पड़ोस के टूटे मकान में छिपा दिया था। बाद में युवती के परिजन उसे तलाश कर घर ले गए थे। आरोप है कि युवती के नाराज परिजनों ने युवक के घर हमला कर महिलाओं के साथ मारपीट की थी। साथ ही दो सगे भाइयों सुंदर और उसके नाबालिग भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने सुंदर को पकड़कर जेल भेज दिया था। लड़के पक्ष का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस बारे में ब्रह्मचारी यशवीर महाराज ने आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज न होने पर 21 मई को गांव में धरने की चेतावनी दे दी। ब्रह्मचारी ने आरोपी पक्ष पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने लड़की पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# समर कैंप में बच्चों ने की फ्रूट पार्टी, बनाए नए दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** दिल्ली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया कैम्प में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें म्यूजिक चेयर, मजेदार खेल, डांस और फ्रूट पार्टी शामिल थी।

छपार हाईवे पर स्थित स्कूल में ईन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने न केवल मस्ती की बल्कि नए अनुभव भी प्राप्त किये,।

समर कैंप में बच्चों की रचनात्मक और टीम वर्क को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपने अनुभव साझा किये। फ्रूट पार्टी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फलों का आनंद लिया और अपने संबंधों को मजबूत बनाया ड ा ं स गतिविधियों से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मस्ती की। प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रियांशी ने बताया विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को सकारात्मक और रचनात्मक गति. विधि में व्यस्त रखता था ताकि वे अपने कौशल विकसित कर सके और नए दोस्त बन सके। इस समर कैंप से बच्चों को निश्चित ही बहुत लाभ





होगा। गतिविधियों में विद्यालयों के रेखा त्यागी नेहा त्यागी सारिका बंसल शिखा तोमर व उजमा आदी अध्यापिकाओं का योगदान रहा।

## अवैध निर्माण बीच में छोड़कर भागे मजदूर व मिस्त्री

**बुढ़ाना।** पीड़ित अरविंद कुमार ने मंगलवार के दिन उप जिला अधिकारी बुढ़ाना के कार्यालय और कोतवाली बुढ़ाना में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मौजा बुढाना बांगर की नई गाटा संख्या 2955 जो कि बुढ़ाना कस्बे के चन्धेडी रोड पर स्थित है। इस गाटा संख्या 2955 4. 5584 हैक्टेयर भूमि पर चकबन्दी अधिकारी बुढाना ने आदेश बीती 16 मई को क्रय-विक्रय खुर्द-बुर्द करने से प्रतिबन्धित किया था मगर कुछ लोग उक्त गाटे पर नाजायज तरीके से निर्माण करके अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसीलिए उपरोक्त तथ्यो को दृष्टिगत रखते हुए मौजा बुढाना बांगर की नई गाटा संख्या 2955 रकबा 4.5584 हैक्टेयर पर किसी भी हिस्से में अवैध निर्माण रुकवाकर न्यायालय के आदेश का पालन कराया जाए। तब बुढाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर मौके पर जाकर अवैध निर्माण कार्य रुकवा दिया। पुलिस को देख अवैध निर्माण कर रहे मजदूर मिस्त्री मौका पाकर फरार हो गये।

# एआईएमआईएम मजबूत करने पर दिया बल

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा में स्थित बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय पर आज मंगलवार के दिन आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन को मजबूत करने का संकल्प कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के द्वारा लिया गया। सभी ने यहां पर पार्टी सांसद असदुद्दीन ओवैसी के भारत देश के प्रति गहरे प्रेम को लेकर खुशी जाहिर कि और कहा कि यह हिंदुस्तान हम सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाइयों का है। पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गयी और कहा गया कि जल्दी ही जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी से बात. चीत कर सदस्यता अभियान की शुरुआत गांव दर गांव में की जाएगी




और सभी लोगों को सांसद असदुद्दीन ओवैसी की नितियों से अवगत कराया जाएगा। बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर ने कहा कि हरेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करे और अपने आसपास के लोगों को सांसद असदुद्दीन औवोसी की पार्टी के मिशन के बारे में विस्तार से बताएं और जगह जगह पर नुक्कड़ सभाएं करें ताकि लोगों को पार्टी से जोड़ने में और भी आसानी हो। बैठक में कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**खतौली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देश के जवानों की स्मृति में मंगलवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व पूर्व राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने किया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत नगर के पिकेट इंटर कॉलेज से हुई, जो नगर के जीटी रोड, इंद्रा मूर्ति, जानसठ तिराहा, बड़ा बाजार आदि प्रमुख मार्गों से होती हुई पिकेट इंटर कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान युवाओं, स्कूली छात्रों, महिलाओं और व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुय चल रहे थे। पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उनके सम्मान में एकजुट होते हैं और नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलती है। यात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन ने पूरे रूट पर चाक-चौबंद व्यवस्था की थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यात्रा में मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, विनित ठाकुर, अमित ठाकुर, सुधीश पुंडीर, राजकुमार छाबड़ा उर्फ बग्गा, राकेश प्रजापति, यनेश तंवर पूर्व पालिका अध्यक्ष, जानसठ, गौरी शंकर गौरी, प्रदीप शर्मा, प्रति किन्नर, लता बहन, इनाम प्रधान, रवि ग्रोवर आदि रहे।

## पहलवानों ने दिखाया खूब दमखम

**बुढ़ाना।** कुलदीप बालियान स्पोर्टस स्टेडियम बुढ़ाना में आज मंगलवार को दूसरे दिन प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल 80 किलोग्राम भार वर्ग में वाराणसी के सौरभ यादव ने पहला स्थान, बहराइच के दिपांशू ने दूसरा तथा बागपत के कार्तिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 110 किलो भार वर्ग में गाजीपुर के हिमांशु यादव ने पहला स्थान, गाजियाबाद के अमन तोमर ने दूसरा तथा गौतमबुद्धनगर के जय यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 41 से 45 किलो भार वर्ग में बागपत के आर्यन ने पहला, मेरठ के वंश ने दूसरा तथा आगरा के अभिषेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 92 किलो भार वर्ग में गोरखपुर के सत्यम पाल ने पहला, वाराणसी के सत्यपाल यादव ने दूसरा तथा गौतमबुद्धनगर के प्रशांत यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र आयुष का चाल चलन सही नहीं है वह गलत लोगों की संगत में रहकर आवारा हो गया है और मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैने व मेरे परिवार के सदस्यो ने उसकी हरकतों से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद और लेन देन या अपराध के लिए आयुष स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी या परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**राजकुमार पुत्र पीतम सिंह**
**निवासी- ग्राम बलीपुरा**
**थाना मीरापुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**


# हाईस्कूल टॉप करने पर छात्रा नाहिद को किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित शिक्षण संस्था भारद्वाज एकेडमी में आयोजित एक भव्य समारोह में छात्रा नाहिद कुरैशी को उक्त स्कूल से हाईस्कूल में टॉप करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गांव उमरपुर के पूर्व प्रधान अतहर हसन, सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अनेश निर्वाल, एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना के प्राचार्य डाक्टर दिनेश चंद्र शर्मा और प्रमुख समाजसेवी डाक्टर राजीव कुमार ने अपने कर कमलों द्वारा छात्रा नाहिद कुरैशी को टॉपर आने पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व प्रधान अतहर हसन ने स्कूल स्टाफ की बच्चों पर की गयी मेहनत को सराहा और बच्चो की परफॉर्मेंस देख गदगद हुए। उन्होंने स्कूल के एमडी योगेश भारद्वाज को इसके लिए बधाई दी। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में



पुष्पेंद्र बालियान और सीमा मेहरा मुकुंदपुर ने भी शिक्षण संस्था के एमडी योगेश कुमार के जमकर सराहना की। एमडी व शिक्षक पुष्पेंद्र ने यहां पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यहां एमजे पब्लिक स्कूल, कल्पना चावला मेमोरियल स्कूल शाहपुर और जामिया पब्लिक स्कूल निरमानी आदि स्कूल भी उपस्थित हुए। छात्रा नाहिदा कुरैशी पुरस्कार पाकर खुश हुई।

# शिक्षा के प्रति जागरुकता लाने को छात्राओं ने निकाली रैली

**बुढ़ाना।** देवी अहिल्याबाई होल्कर के बर्थडे पर श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना में मुख्य अतिथि भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी ने छात्राओं को कहा कि आज के समय में बालिकाओं का पढ़ना व पढ़ लिखकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल करना अत्यंत जरुरी है। 18वीं शताब्दी में मालवा साम्राज्य की महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा सर्वप्रथम बालिकाओं की शिक्षा व उनके उत्थान के लिए प्रयास किए गए थे। उन्होंने उस समय समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध कार्य कर विधवा स्त्रियों के अधिकारों के लिए नियम बनाने के साथ ही कृषि भूमि से संबंधित सुधार भी अपने राज्य में प्रथम बार लागू किए थे। उस समय के माहौल में ये महान कार्य उन्हें एक अद्‌भुत महिला के रुप में स्थापित करता है।

प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने कहा कि 11 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कालेज में



आयोजित ये प्रोग्राम छात्राओं के मन में विश्वास पैदा करने के लिए है कि वो यदि चाहे तो अपने प्रयास व मेहनत से आकाश की ऊंचाइयों को भी छू सकती है। उनके कार्यो का प्रभाव उनके परिवार के साथ संपूर्ण समाज के उत्थान में भी सहयोगी होता है।

कालेज में छात्राओं की 100 मीटर दौड़ भी आयोजित की गई। जिसमें जूनियर व सीनियर 2 वर्गों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राएं जोया, मुस्कान, शालू, रेनू, पूजा व सोफिया को सुंदर उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। छात्राओं ने ग्राम भसाना में बालिका शिक्षा के प्रति जागरुकता लाने को एक रैली भी आयोजित की। जिसमें शिक्षक दिनेश, राकेश, विपुल, धर्मेंद्र, विनोद, यजपाल, मान सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विना. ेद सैनी ने रैली का नेतृत्व किया। संचालन विपुल व यजपाल ने संयुक्त रूप से किया।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र (पंजीकरण संख्या 5366) में मेरा नाम AYESHA ANSARI व पिता का नाम MOHD ASIF गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **आयेशा (AYESHA)** व पिता का नाम **मोहम्मद आसिफ (MOHAMMAD ASIF)** है। भविष्य में माता का नाम आयेशा (AYESHA) व पिता का नाम **मोहम्मद आसिफ (MOHAMMAD ASIF)** के नाम से जाना व पुकारा जाये।

**आयेशा पत्नी मोहम्मद आसिफ**
निवासी: 652/1, रहमतनगर,
तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।



**समन वाद के निस्तारण हेतु विपक्षीगण की उपस्थित्ति के लिए**

न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर

वाद संख्या 884 सन 2024 (दो हजार चौबीस)

1. अरविन्द कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री जुगमेन्दर जैन, 2. अक्षय कुमार जैन पुत्र श्री अरविन्द कुमार जैन, 3. श्रीमति मंजू जैन पत्नी श्री अरविन्द कुमार जैन, निवासीगण 7 नवाबगंज पश्चिमी तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी 194 पटेल नगर, नईमंडी, मुजफ्फरनगर, 4. अनू जैन पत्नी रविन जैन निवासी 7 व 11 नवाबगंज पश्चिमी जिला मु0नगर, 5. ललित जैन पुत्र स्व0 श्री जुगमेन्दर जैन निवासी 19 नवाबगंज पूर्वी तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

..........वादीगण

बनाम

1. राजकुमार पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम काकड़ा परगना शिकारपुर, तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, 2. चन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री नेमचंद निवासी 346 पटेलनगर नईमंडी मुजफ्फरनगर।

.........प्रतिवादीगण

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण ने माननीय न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर के समक्ष वाद संख्या 884 सन 2024 अरविन्द बनाम राजकुमार आदि दायर किया गया है। आपको इस न्यायालय में प्रतिवाद-पत्र/आपत्ति आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात होने के लिये दिनांक 23.05.2025 को प्रात: में 10:00 नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या आने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजति के तलिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है यह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हो आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद में निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थिति नहीं होगें तो इस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 17 माह 05 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से
सिविल जज (सी0डि0)
मुजफ्फरनगर।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव कुमार मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही रहा है। आवारा लोगो की संगत मे रहकर आवारा हो गया है। प्रतिदिन शराब पीकर घर में मारपीट और आस-पडौस मे झगडा फसाद करता है। मैने उसकी नाजायज हरकतो को देखते हुए उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। यदि उससे कोई लेन-देन या झगडा फसाद करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**धन सिंह पुत्र सूरजभान**
**निवासी-म.नं० 203, लद्धावाला**
**थाना कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**



**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रोहित व उसकी पत्नी रूकमणी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आजाद पुत्र श्री महावीर सिंह**
**निवासी ग्राम शेरनगर,**
**थाना नई मण्डी**
**जिला मुजफ्फरनगर**



**सूचना**

मैं मधुर वैश पुत्र प्रेम चन्द्र वैश निवासी 3/66 फस्ट फ्लोर गीता कालोनी, तिलक रोड, मेरठ, बेगम बाग (उ.प्र.) 250001 ने अपना नाम मधुर वैश से बदलकर अतुल चन्द्र वैश कर लिया है। मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अतुल चन्द्र वैश के नाम से जाना जाएगा।


# खाद्यान्न से भरी गाड़ियों को संतों ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोरना।** खाद्यान्न से भरी गाड़ी को महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल सहित साधु संतों ने केसरिया झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर अन्न क्षेत्रो के लिए रवाना किया।

प्रसिद्ध व्यापारी व समाजसेवी सत्य प्रकाश रेशु ने बताया की जनपद में विभिन्न स्थानों पर असहाय व आदि व्यक्तियों के लिए निरूशुल्क भोजन आदि की व्यवस्था लगातार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए अभियान के तहत कोई भी भूखा न सोये। सभी को भरपेट भोजन मिले। गेहूं से भरी गाड़ी रेशू एडवरटाइजिंग द्वारा अन्नक्षेत्रों को भेजी गई। जिसका शुभारंभ हनुमत धाम, शुक्रतीर्थ से हुआ। रेशू परिवार ने देश के शहीदो के सम्मान, अपने पिता स्व. ईश्वर दयाल गर्ग व अपनी माता स्व. केलावती की यादगार में खाद्यान्न से भरी गाड़ी विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे निरूशुल्क भंडारों के लिए रवाना की। गाड़ी रेशू विहार रेलवे फाटक मंदिर,




आवास विकास मंदिर, बेगराजपुर मंदिर,डल्लू देवता, कुष्ठ आश्रम, साईं धाम, कीर्तन भवन नई मंडी, श्री बालाजी धाम, सुखदेव आश्रम, गोडिया मठ, हनुमत धाम, गणपति धाम, अपना घर, गंगा सभा क्षेत्र शुक्रताल, नावला नाहर मंदिर आदि में पहुंचाई गई। जिसके वितरण की जिम्मेदारी जोगिंदर होड्डा व मनीष भारती ने पूरी की। सत्यप्रकाश रेशू ने बताया कि पूज्यनीय माता पिता व संतों के आशीर्वाद से ही भूखो के लिए अन्न वितरण एवं वृक्षारा. ेपण संभव हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संतों ने धार्मिक एवं राष्ट्र गीत गाकर मंत्रोच्चारण से किया गया। महामंडलेश्वर केशवानंद ने सभी को अन्न दान करने की प्रेरणा दी । डॉ. निर्वाल ने संतों के मार्गदर्शन में भारत को विश्व महाशक्ति बनाने का आह्वान किया।

# कार्यकर्ता के साथ अभद्रता पर भाकियू अराजनैतिक ने दिया थाने में धरना

**भोपा।** रुड़कली गांव मे गन्ना कोल्हू मे लगी आग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां भाँग को सूखती देख एक व्यक्ति से पूछताछ शुरू कर दी तभी वहां पहुंचे भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता के संग पुलिस की नोकझोंक हो गयी। कार्यकर्ता को पकड़ ले आने पर पहुंचे संगठन कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्यकर्ता सहित ग्रामीण का शान्ति भंग मे चालान कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली मे सलमान के गन्ना कोल्हू मे मंगलवार की सुबह आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां भाँग की पत्तियों को सुखाने वाले स"यद नामक व्यक्ति से आग लगने के संबंध मे जानकारी शुरू की तो वहां पहुंचे भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता रिहान से पुलिस की नोकझोंक हुई। पुलिस दोनों को थाने ले आई।आरोप है की अंकित जावला के साथ थाने मे एक सिपाही द्वारा अभद्रता की गयी। जिसपर गुस्साए भाकियू अराजनैतिक के जिला संरक्षक संजीव सहरावत के नेतृत्व मे समाज सेवी मनीष चौधरी अंकित जावला,



प्रदीप नागर, विपिन त्यागी, शहज़ाद, बीरसिंह मास्टर,चन्द्रवीर, रियाज आदि ने कार्यकर्ताओ संग थाना परिसर मे धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की माँग की गयी। समाजसेवी मनीष चौधरी ने बताया की सिपाही द्वारा माफी तलब करने व रिहान पर कोई कार्रवाई न करने के आश्वासन देने पर फिलहाल धरना समाप्त किया गया है।संगठन कार्यकर्ता सहित आमजन के अधिकारो व सम्मान की लड़ाई लडता रहेगा। दूसरी ओर रुड़कली के नसीम अहमद, नज़ाकत अली, सलमान, दीन मोहम्मद, शानू, समी अब्दुल्ला, दिलशाद आदि ने रिहान पर ग्रामीणों की झूठी शिकायते कर अनावश्यक परेशान करने के अनेक गंभीर आरोप की झड़ी लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिहान व सय्यद का शान्ति भंग मे चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया की रिहान व सय्यद का शान्ति भंग मे चालान किया गया है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर बच्चों का अपहरण कराने की धमकी

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली के मौहल्ला सराफान की निवासी विवाहिता निशा पुत्री दाऊद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसका निकाह छः वर्ष पूर्व दिलनवाज उर्फ दिल्लू पुत्र साकिब निवासी मौहल्ला शराफत कालौनी गैस गोदाम के साथ हुआ था। निकाह के कुछ दिन बाद दिलनवाज उर्फ दिल्लू व उसके पिता माता भाई और बहन ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए एक लाख रूपये व मोटरसाईकिल के लिये उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और अपने घर से दहेज लाने का दबाव बनाते हुए उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जिसके खिलाफ विवाहिता ने 2020 में थाने में मामले की शिकायत की गयी थी। इस दौरान 2021 में इन लोगो ने दहेज न मांगने की शर्त पर व मारपीट न करने की शर्त पर विवाहिता निशा को मायके से फैसला करके अपने घर ले गये थे। दिलनवाज उर्फ दिल्लू से विवाहिता को दो बच्चे है अफ्फान उम्र 4 वर्ष व मीरब उम्र 2 वर्ष है। दिलनवाज आदि ने 5 महीने पहले खतौली का मकान बेचकर नसीरपुर पुलिया के पास, जिम वालो की दुकान के बराबर में थाना कोतवाली नगर में आकर रहने लगा। आरोप है उक्त सब लोगो ने एक माह पहले एक लाख रूपये व मोटरसाईकिल के लिये फिर से उसके साथ मारपीट कर दोनो बच्चों सहित विवाहिता को घर से निकाल दिया है। आरोप है ससुराल पक्ष ने धमकी दी कि अगर इस घर में बिना एक लाख रूपये व मोटरसाईकिल के आयी तो तुझे व तेरे बच्चों को जिंदा जलाकर मार देंगे और लाश का भी पता नही देंगे। अब निशा का पति खतौली से दोनो बच्चो का अपहरण कराने की धमकी दे रहे हैं। जिस कारण विवाहिता को खतरा इस बात का पैदा हो गया है कि कहीं ससुराल पक्ष के लोग बच्चो का अपहरण न करा लें और फैसले का दबाव बनाने के लिये कोई झूठा मामला व उसके परिवार वालो के खिलाफ न बना ले पीड़ित विवाहिता ने पुलिस से उक्त लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने और अपने बच्चो की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, महिला घायल

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार बाइक अचानक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें बाइक पर पीछे की और बेठी एक महिला उछलकर सड़क पर जा गिरी और घायल हो गयी। आते जाते राहगीरों ने जब महिला को सड़क पर गिरते देखा तो जख्मी होने के बाद उसको उन्होंने नजदीकी हस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप की बताई गयी है। महिला को उपचार के कुछ ही देर बाद छुटी दे दी गयी थी ऐसी सूचना है। पुलिस को भी घटना की सूचना मिल गयी थी।

# स्कूल संस्थापक पर जानलेवा हमला

**खतौली।** खतौली दयाल पुरम कॉलोनी स्थित लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर स्कूल परिसर में ही जानलेवा हमला किया गया। घटना उस वक्त की है जब राजवीर सिंह रोज की तरह स्कूल में पूजा करने पहुंचे थे। तभी पहले से घात लगाए आधा दर्जन हमलावरों ने उन पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर स्टाफ कर्मी मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे। सूत्रों की माने तो हमलावर उन्हें मौत के घाट उतारने के इरादे से आए थे, लेकिन हमला करने के बाद मरा समझकर मौके से फरार हो गए। स्टाफ कर्मी ने जानकारी देते हुय बताया कि शोर शराबे की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुँचा तो तब तक हमलावर फरार हो चुके थे उसने बताया कि राजवीर के ऑफिस में तोड़ फोड़ की गई थी और राजवीर सिंह जमीन पर बेसुध लहूलुहान हालत में पड़े थे जिसके बाद गंभीर रूप से घायल राजवीर सिंह को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है जिसके बाद घायल राजवीर सिंह को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों की मानें तो स्कूल में फीस गमन को लेकर संस्थापक और प्रधानाचार्य के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हाल ही में चेयरमैन द्वारा दो शिक्षकों को लापरवाही के चलते हटाने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि यही पुराना विवाद हमले की जड़ हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हमलावरों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## 30 सैकिंड की सीसीटीवी फुटरेज में कैद हुई पूरी वारदात

**खतौली।** सोमवार के दिन लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर हुआ जानलेवा हमला स्कूल म्रें लगे सीसीटीवी कैमरे की 30 सैकिंड की रिकॉर्डिंग में कैद हो गया। जिसमें साफ तौर से दिखाई दे रहा है कि सात हमलावर एक महिला के पीछे पीछे राजवीर सिंह के स्कूल में प्रवेश करने के बाद उनके ऑफिस में दाखिल हो रहे है। जिसके बाद राजवीर सिंह लहूलुहान हालत में अचेत पड़े पाए गए। लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक और प्रधानाचार्य राजवीर सिंह वर्मा पर सोमवार को स्कूल परिसर में एक सुनियोजित और जानलेवा हमला हुआ। यह पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जो अब पुलिस जांच का मुख्य आधार बन रही है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, हमले से कुछ समय पहले एक महिला उस समय दाखिल हुई जब राजवीर सिंह स्कूल में पूजा कर रहे थे। उसके कुछ मिनट बाद ही एक-एक कर सात अन्य लोग भी स्कूल में प्रवेश करते हुए सीधे राजवीर सिंह वर्मा के कार्यालय पहुंचे और कुछ ही देर में बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। हमलावरों ने लाठी-डंडों और अन्य वस्तुओं से राजवीर सिंह वर्मा पर बेरहमी से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार वर्मा फिलहाल जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं।

# अहिल्याबाई के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**आर्य कन्या इंटर कॉलेज में हुआ भव्य कार्यक्रम**

**बुढ़ाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलिज बुढ़ाना में मराठा साम्राज्य की प्रख्यात शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती बडी धूमधाम से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके मनाई गयी। छात्राओं ने रानी अहिल्याबाई के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता और वाद-विवाद जैसे आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने अहिल्याबाई के जीवन सिद्धांतों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए व रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़ी मोटिवेशनल जानकारी साझा की गई। कालेज की प्रधानाचार्य प्रमेश कुमारी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में धर्म, समाज और संस्कृति के संरक्षण व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध कार्य करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। मुख्य अतिथि बुढ़ाना भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू कुरथल ने बताया कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 1725 में महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। वह एक सामान्य परिवार से थी लेकिन अपनी कर्मठता, त्याग और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली। यहां भाजपा नेता मोहित नाथवंशी ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर का हिन्दुस्तान हमेशा ऋणी रहेगा : गीता जैन

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज निकट रोडवेज बस स्टैंड शिक्षा निदेशक माध्यमिक व जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य सोहन पाल सिंह के दिशा निर्देशन में आज अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्या गीता जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। रानी अहिल्याबाई की जयंती पर श्री राहुल कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी ने विस्तार से उनके जीवन परिचय और उनकी विशेषताओं के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया व महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत इसमें छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान पूजा, द्वितीय स्थान विशाखा, तृतीय स्थान गौरी ने प्राप्त ने किया। इसके पश्चात



वाद-विवाद /भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसमें प्रथम स्थान गीत, द्वितीय स्थान गौरी व तृतीय स्थान पूजा सैनी ने प्राप्त किया। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में अनिल मित्तल, संजय सिंह, मुजफ्फर अली नरेंद्र कुमार विश्वर सिंह,डॉ राजबल सैनी, जयप्रकाश, कुमारी प्रेरणा शर्मा, कुमारी ज्योति, कुमारी प्रीती त्यागी ,शालू शर्मा, विनीता राय, राहुल कुमार,अरविन्द कुमार , शिवानी राणा, ममता सिंह वह अन्य शिक्षक साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा

## बारात लेकर आने पर युवक को दी जान से मारने की धमकी

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी महिला महरुबा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने बेटे का रिश्ता ककरौली थाना क्षेत्र के गांव में तय कर रखा है। सोमवार की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर घर पर आया।जो तमंचा लिये हुए था।आरोपी मेरे लड़के शाकिर के बारे मे पूछने लगा तो महरुबा ने कहा कि तुम्हें शाकिर से क्या काम है तो आरोपी ने शाकिर से काम के बारे में बात करने की बात कही।जिस पर उसे शाकिर का मोबाइल नंबर दे दिया तो आरोपी ने शाकिर को गाली गलौज करते हुए कहा कि अगर वह बारात लेकर गांव में आया तो उसे जान से मार दिया जायेगा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है है।

## जाति जनगणना में सभी वैश्य लिखें : सौरभ स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** श्री कदीम अग्रवाल सभा द्वारा एक सेमिनार अग्रवाल भवन अबूपुरा में आहूत हुई जिसका विषय देश में हो रही जाति जन गणना में हमारे वैश्य समाज की भूमिका पर एक चर्चा जिसमें मुजफ्फरनगर के सभी प्रमुख चिंतक वैश्य बंधुओ ने हिस्सा लिया जिसकी अध्यक्षता सभा अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल और आयोजन सभा मंत्री अनिल तायल एवं संचालन भवन मंत्री पवन बंसल ने किया मुजफ्फरनगर के सभी वैश्य समाज संगठनों के सभी पदाधिकारी ने एकजुट होकर कहा की देश में हो रही जाति जनगणना में जब फॉर्म भरा जाएगा तो उसमें जाति के स्थान पर वैश्य लिखे यह विचार सर्व सम्मति से पारित हुआ विचार रखने वाले मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्री अशोक कंसल मयंक बंसल अनिल बंसल प्रमोद मित्तल मनीष गुप्ता वीरेंद्र मित्तल एडवोकेट अमित गर्ग एडवोकेट सुनील तायल सलभ गुप्ता एडवोकेट सुनील सिंघल कृष्ण गोपाल मित्तल अभिलक्ष मित्तल सचिन अग्रवाल पटाखा अशोक अग्रवाल ने अपने विचार रखे आज की सभा का की अध्यक्षता करते हुए सभा अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल ने कहा की जो यहां पर जो तय हुआ है सभी वैश्यों से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं मुख्य रूप से नरेश गर्ग मयंक बंसल अभिनव स्वरूप कमल किशोर प्रदीप कुमार मित्तल विशाल गुप्ता सचिन अग्रवाल सौरभ मित्तल परीक्षित मित्तल दीपक मित्तल ;तिक मोहन तायल हिमांशु गोयल तरुण मित्तल बाद में रामकुमार तायलअजय सिंगल अभिमन्यु मित्तल ;षभ अग्रवाल अंत में सभा मंत्री अनिल तायल ने सभी का कार्यक्रम पहुंचने पर सभी का धन्यवाद किया।



# डीएवी कॉलेज में विधिक सहायता केन्द्र का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी कॉलेज में विधि विभाग के नवीनीकृत प्रो. सुधीर मोहन संगल विधिक सहायता केन्द्र का उद्घाटन कॉलेज की प्रबन्ध समिति के सचिव डा.एमके बंसल के करकमलों द्वारा किया गया।

विधिक सहायता केन्द्र का नवीनीकरण स्वर्गीय प्रो.सुधीर मोहन संगल की स्मृति में उनके सुपुत्र तपन संगल व सुपुत्री मानवी संगल के द्वारा करवाया गया। तपन संगल ने प्रोसुधीर मोहन संगल की स्मृति में विधिक सहायता केन्द्र को यथा सम्भव सहायता पहुंचानें का आश्वासन दिया।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो.गरिमा जैन ने प्रो.संगल के शैक्षणिक व सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। प्रबंध समिति के सचिव डा.एमके बंसल ने वक्तव्य दिया कि यह विधिक सहायता



केन्द्र गरीब व जरूरतमंद वंचितो की विधिक सहायता में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। विधि विभागाध्यक्ष प्रो ओमदत्त ने विधिक सहायता केन्द्र के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन डा. कुलदीप सिंह ने किया।कार्यक्रम में प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव राजीव मोहन, प्रो रामकिशन शर्मा, प्रो किरण पाल सिंह, डॉ शैलजा सिंह, डॉ आदित्य राठी, डॉ राहुल शर्मा, डॉ नीरज कुमार, डॉ सुभाष चंद्र, सचिन कुमार, हरितोष मोहन, सार्थक, प्रवीण, भूमिका, तृप्ति, , आदि शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# रंगोली बनाकर अहिल्याबाई होल्कर को बताया प्रेरणास्रोत

**छपार।** जय भारत इंटर कॉलेज छपार में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 की जयंती के उपलक्ष में एक रंगोली प्रतियोगिता और महिला सशक्तिकरण दौड़ का आयोजन किया गया रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को छपार स्थिति जय भारत इन्टर कालेज में रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती धूमधाम से मनाई गई उसने उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई और महिला सशक्तिकरण के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और मुख्य अतिथि सुशील त्यागी पूर्व जिला महामंत्री भाजपा द्वारा रानी अहिल्याबाई के जीवन एवं कार्य शैली पर प्रकाश डालते हुए उनके राजनीतिक कैरियर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राजेश त्यागी, अध्यक्ष राजकुमार त्यागी कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ,पवन त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ,महेश त्यागी,ममता ,भावना ,गुंजन त्यागी, रतनलाल, राजवीर सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# धर्म गुरु के निधन से शोक की लहर, अंतिम दर्शन को उमड़ा सैलाब

**भोपा।** सीकरी गांव मे सूफ़ी परम्परा के धर्म गुरु हजरत हाफ़िज़ अली हसनेन का मंगलवार की सुबह इंतिकाल हो गया। धरगुरु के निधन से शोक की लहर दौड़ गयी। क्षेत्र व दूर दराज से आये अकीदतमंदो ने आखरी रसूमात मे भाग लिया।



मोना ब्लॉक क्षेत्र के गांव सीकरी शरीफ में प्रसिद्ध धर्मगुरु हजरत हाफ़िज़ अली हसनेन के इंतिकाल से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। हजरत हाफ़िज़ अली हसनेन काफ़ी समय से बीमार चल रहे थे।जिनके अंतिम दर्शनों के लिये मुरादाबाद, सम्भल, बदायूं, बिजनौर, कलियर शरीफ, बरेली, बुलंदशहर आदि सहित क्षेत्र के विभिन्न शहरो व गांव देहात से भारी संख्या मे उनके मुरीद अनुयायी सीकरी पहुंचे। शाम के समय साबरी दरगाह शरीफ मे उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया रजरत की जनाजा ए नमाज मुम्बई से आये भाई सफात ने अदा कराई इस दौरान अनेक धर्म गुरु, परिजन व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाकियू ने बिजली घर पर दिया धरना



**चरथावल।** बिजली की अनेकों समस्याओं को लेकर भाकियू द्वारा चरथावल बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया गया भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में बिजली की अघोषित कटौती,खंभे न लगना बिजली के गलत बिलों को सही न करने आदि समस्याओं को लेकर बिजली घर पर संजय त्यागी द्वारा देर शाम धरना प्रदर्शन किया गया इस दौरान अनेकों क्षेत्रवासी मौजूद रहे सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी धरनास्थल पर पहुंचे।।

## चिकित्सक दंपति ने लगाया फ्री चिकित्सा कैंप

**बुढ़ाना।** जनपद लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ के ग्राम जमैयतपुर में चिकित्सक दंपति ने पहुंचकर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया और सैकड़ो मरीजों को नि:शुल्क दवाई दी। डॉक्टर अनिकेश शिवा और डॉक्टर ज्योति कश्यप ने मिलकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनको नि:शुल्क दवाई दी गई और साथ में जरूरतमंद मरीजों की फिजियोथैरेपी भी की गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से डॉक्टर अभिनव कुमार और चिकित्सक टीम ने भी पूरा सहयोग किया।।

# अर्द्ध-रात्रि में कोतवाली पहुंचे एसएसपी

**बुढ़ाना।** एसएसपी संजय कुमार ने मंगलवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि में बुढाना कोतवाली परिसर का आकस्मिक निरीक्षण कर कोतवाल आनंद देव मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा कोतवाली कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, संतरी पहरा, भोजनालय, कम्प्यूटर कक्ष व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण कर कार्यालय में रखे अभिलेखों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर और टॉप-टेन अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप- टेन अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही के लिए सीओ को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा कोतवाली क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ व सटा की पूर्णत: रोकथाम करने, शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने, आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने, महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने और बुढ़ाना क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने के लिए भी निर्देशित किया गया और इसके साथ ही उनके द्वारा कोतवाली में नियुक्त निरीक्षक व दारोगाओ के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी तथा सबको गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने सम्बन्धी तथा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। यहां पर एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ गजेन्द्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### घटनास्थल पर गये एसएसपी संजय कुमार

बुढ़ाना। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने गांव माजरा में किसान रविंद्र पंवार के मर्डर के संबंध में उसके परिजनों और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का भी मुआयना किया। उन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र को दोनों हत्यारों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। यहां मौके पर मौजूद सभी ग्रामीण एसएसपी संजय वर्मा की कार्यशैली को देखकर संतुष्ट नजर आए।

# पीड़ित छात्र को मिल रही समझौता न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी

**मुजफ्फरनगर।** अध्यापिका द्वारा छात्र की चोटी काटने की घटना पर आज संयुक्त हिंदू मोर्चा ने पीड़ित छात्र के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आज काजीखेड़ा मैं मुस्लिम अध्यापिका द्वारा चोटी काटे जाने से पीड़ित छात्र के परिजन छात्र को लेकर संयुक्त हिंदू मोर्चा के पदाधिकारियों के पास पहुंचे और उन्हें अपनी आप बीती बताते हुए कहा कि उन्हें आसपास के दबंगों द्वारा लगातार फैसला करने की धमकी दी जा रही है और उन्हें गांव छोड़ने को मजबूर कर दिया गया है इसके बाद सभी प्रतिनिधि जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और जेहादी शिक्षिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उसकी बर्खास्तगी की मांग करी जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम न्यायिक ने हिंदू नेताओं से वार्ता करी संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा कि छात्र के साथ इतनी गंभीर घटना होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है और न ही पीड़ित छात्र की सुरक्षा का कोई प्रबंध किया जा रहा है जबकि छात्र बहुत ही कमजोर मजदूर परिवार से है और पीड़ित परिवार को गांव छोड़ने को मजबूर किया जा रहा है उन्होंने प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी ही ठोस कार्यवाही न की गई तो जल्दी ही पंचायत कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी इस अवसर पर मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी डॉक्टर योगेंद्र शर्मा पंकज भारद्वाज हिंदू जागरण मंच लोकेश सैनी मंडल अध्यक्ष शिवसेना बिट्टू सिखेड़ा जिला अध्यक्ष मुकेश आर्य प्रधान आर्य समाज



अखिलेश शर्मा सर्व ब्राह्मण महासंघ अखिलेश पुरी जिला प्रभारी संयुक्त हिंदू महासंघ नवीन कश्यप अध्यक्ष कश्यप महासंघ राजेश कश्यप मंडल महासचिव अमरीश त्यागी मंडल उपाध्यक्ष संजय गोयल मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सैनी मंडल उपाध्यक्ष बसंत कश्यप जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू पीठ आशीष शर्मा महानगर अध्यक्ष हिंदू क्रांति सेना सागर कश्यप मंडल अध्यक्ष भाजपा राजकुमार सिद्धार्थ विजय तोमर गोपी वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिवसेना शिंदे ने शिखा काटने के प्रकरण में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना शिंदे के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने खेती दूधाधारी गांव निवासी राज सिंह के पुत्र देवांश का तिलक मिटाने व उसकी शिखा काटने के मामले को लेकर मंडल प्रमुख शरद कपूर व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया, तथा आरोपी प्रधानाचार्य फराना खातून के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य फराना खातून द्वारा बच्चे देवांश का तिलक मिटाना वह उसकी शिखा काटने का कृत्य धार्मिक उन्माद फैलाने वाला है उक्त प्रधानाचार्य ने अपनी कटर मानसिकता के चलते बच्चों के साथ इस तरह की घिनौनी घटना को अंजाम दिया है इससे यह भी साबित होता है कि उक्त प्रधानाचार्य विद्यालय में सांप्रदायिक विद्वेष की भावना के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट से तत्काल इस मामले में आरोपी प्रधानाचार्य वह पीड़ित परिजनों पर फैसले का दबाव बनाने वाले सफेद पोस्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, नगर मजिस्ट्रेट महोदय ने दो दिनों के भीतर इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख शरद कपूर ,जिला प्रमुख आनंद प्रकाश गोयल, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम चौधरी



,जिला प्रमुख मंगतराम सोनकर, संजीव वर्मा, अमित गुप्ता, उज्ज्वल ,पंडित आशीष मिश्रा, युवा जिला प्रमुख हेमंत शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम चाहल, ललित रोहिल्ला ,मीनू शर्मा, अनोखी दुबे, शैलेंद्र विश्वकर्मा, हर्षित धीमान, रोहित धीमन, रितिक, अभिषेक शर्मा, हेमकुमार कश्यप, निकुंज चौहान, शिवम पाल, राहुल धीमान, अक्षय राजपूत, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय आयुर्वेद शिविर का समापन

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर द्वारा दीपचंद्र ग्रेन चौंबर इंटर कॉलेज पटेल नगर में 17 मई, 19 मई व 20 मई को तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा व रवि कुमार द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया गया। इस शिविर में डॉक्टर रिम्पल चौधरी के द्वारा छात्र-छात्राओं को संतुलित आहार विहार ,नियमित दिनचर्या तथा दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। इस शिविर में प्रधानाचार्य चंद्रभान , राहुल राणा तथा समस्त कॉलेज स्टाफ ने सराहनीय योगदान दिया। तीन दिवसीय शिविर में कुल लाभार्थी छात्र-छात्राओं की संख्या 2810 रही।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवक-युवती की हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव रामगढ निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हंगामा प्रदर्शन करते हुए गत 14 मई की रात्रि युवक व युवती की हुई मौत के मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होने युवक व युवती की हत्या करने का आरोप लगाते हुए युवक के मोबाईल की लोकेशन निकालने की मांग की।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव रामगढ निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा। एसपी को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि गत 14-15 मई की रात्रि को लगभग 10।30 बजे से 11 बजे के बीच हर्ष पुत्र राजेन्द्र को घर से बुलाकर नितिन व मोहित, जितेन्द्र, रो. हित, शक्ति, अनमोल, अशोक निवासीगण रामगढ़ ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि लाश को करोडी अंडरपास से शामली की तरफ रेलवे लाईन पर रखकर फरार हो गए ताकि युवका द्वारा आत्महत्या किए जाना लग सके। बताया कि 15 मई को सुबह 7 बजे आदर्श मंडी थाने से फोन आया कि हर्ष की लाश रेलवे लाईन पर पडी है। रेलवे लाईन पर हर्ष की लाश के पास गए वहां से लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई। आरोप है कि परिवार वाले जब वापिस घर आए तो प्रेम की लडकी घर आई और कहने लगी की मैं हर्ष के मारने वालों के नाम बताऊंगी, लेकिन इससे पहले कि वह कुछ बता पाती युवती की भी जहर खान से मौत हो गई। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर उर्मिला, ओम. वती, रामकली, सुनीता, गीता, जितेन्द्र, राजेन्द्र, बलदेव, संजीव आदि मौजूद रहे।

# खराब मार्ग के चलते रिक्शा पलटी, युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** झिंझाना से उन मार्ग पिछले कई वर्षों से खस्ता हाल पड़ा हुआ है। रोड पर बने गहरे गड्ढे आए दिन हादसे को दावत देते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक ई रिक्शा पलट गई, जिसमें सवार एक युवक घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सालय में दिखाया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मंगलवार को डेरी चौक के निकट कोल्हू से अपना काम समाप्त कर वापस अपने गांव शामली शामला जा रहे मंगल पुत्र दरियाव सिंह का ई-रिक्शा पलट गया, घायल मंगल को निजी चिकित्सक के यहां दिखाया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। झिंझाना से उन तक मार्ग में गड्ढे के कारण आए दिन हादसे होते ही रहते हैं। इस मार्ग का पिछले 4 वर्षों से टेंडर हुआ है लेकिन ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते मार्ग अभी तक नहीं बन पाया है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार को डिबार भी कर दिया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार ने लोगों को आश्वासन दिया कि मार्ग जल्द ही ठीक हो जाएगा, लेकिन उसके बाद भी मार्ग पर पेचिंग कार्य तक नहीं किया गया। लोगों मार्ग को दुरस्त कराने की मांग की है।

# कांशीराम कालोनी के पीछे मृत पड़े मिले चार गोवंश, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ऊन रोड स्थित काशीराम आवास कॉलोनी के पीछे चार गोवंश संदिग्ध अवस्था मृत पड़े मिले। तीन बछड़े और एक बछिया बताई गई है। सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सकों की टीम ने मौका मुआयना किया।

पशु चिकित्सकों द्वारा मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया गया। बाद में जेसीबी से चारों मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार को काशीराम कॉलोनी की दीवार के पीछे सुबह के समय मृत अवस्था में चार गोवंश एक ही स्थान पर पड़े देखे गए। यह सूचना आग की तरफ फैल गई। सूचना पर पशु चिकित्सक इमरान अंसारी और पशु फार्मासिस्ट गजराज सिंह व पुलिस मौके पर पहुंची। चारों गोवंशों का पोस्टमार्टम किया गया और जेसीबी मशीन को मंगवा कर विधि विधान से चारों गोवंशों का अंतिम संस्कार किया गया। पशु चिकित्सक गजराज सिंह का कहना है कि घटनास्थल पर कटीले तार लगे हुए हैं प्रथम .ष्टया कटीले तारों में बिजली का करंट आने से मौत की संभावना लग रही है, जबकि विद्युत विभाग के अवर अभियंता सुरजीत सिंह ने बताया कि करंट का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने एक विशेष दुर्गंध का जिक्र करते हुए बताया कि किसी विषैला पदार्थ के सेवन से मौते लग रही हैं। चारों गौवंशों की मौत एक ही स्थान पर होने से बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। कुछ प्रतिदर्शियों की बात माने तो घटनास्थल पर बिजली के केबल पड़े देखे गए हैं जिनको बाद में हटा दिया गया।

# नशे का विरोध करने पर किया युवक पर हमला

## ग्रामीणों ने लगाए पुलिस पर लापरवाही के आरोप, सांप्रदायिक तनाव की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चौकी के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में जिम से लौट रहे सांप्रदायिक मामले के चलते एक हिंदू युवक पर चार मुस्लिम युवकों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक ने हमलावरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित अमित सैनी पुत्र राकेश सैनी निवासी गढ़ी अब्दुल्ला खां ने बताया कि वह सोमवार रात करीब 9 बजे तितरो मार्ग स्थित पुराने पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित जिम से लौट रहा था। तभी जिम के बाहर चार युवक तौफीक पुत्र फरीद, वाजिद, राशिद और असलूब पुत्र बसरुद्दीन उसकी बाइक के पास खड़े थे। उन्होंने अचानक धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। हमले में उसकी आंख के ऊपर गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर स्थानीय लोग



मौके पर पहुंचे, जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अमित ने इस संबंध में गढ़ी पुख्ता थाने में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### नशे के खिलाफ उठाई थी अमित ने आवाज

घायल अमित सैनी का कहना है कि वह लंबे समय से गांव में चल रहे नशे के अवैध कारोबार का विरोध कर रहा है। उसने बताया कि 10 मई को उसने मोहल्ले में तौफीक द्वारा खुलेआम स्मैक व अन्य नशीले पदार्थ बेचने की शिकायत डायल 112 पर की थी। सूचना पर पहुंची 112 नंबर तैनात पुलिस ने तौफीक के पास से दो -चार पुड़िया नशीला पदार्थ बरामद किया था और संबंधित युवकों को गढ़ी अब्दुल्ला खां चौकी ले जाया गया था। अमित ने आरोप लगाया कि नशीला पदार्थ बरामद होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और मामले को चौकी स्तर पर ही निपटा दिया गया। इससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए।

### क्षेत्र में नशे का बोलबाला

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नशे का कारोबार लगातार तेजी से पनप रहा है। युवा पीढ़ी नशे के चक्कर में बर्बाद हो रही है। वही उनके परिजनों की आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती जा रही है। जिस कारण युवाओं गलत गलत रास्ते पर जा रहे हैं।

### नशा ही है चोरी की घटनाओं की नींव

कुछ दिन पूर्व गढ़ी अब्दुल्ला खां बिजली घर के नजदीक चौ. शरीफ अहमद प्रधान, चौ. मुस्तकीम हसन प्रधान, चौ. बिलाल प्रधान,चौ. केसर अली, चौ. हाजी आदिल, चौ. इरफान गनी सहित सात नलकूपों से चोरों ने ताले तोड़कर सबमर्सिबल के केबल, आदि कीमती उपकरण के साथ साथ नलकूपों ओर रखे कृषि यंत्र भी चोरी कर लिए थे। जिसमे पीड़ित किसानों द्वारा अवगत कराया गया था कि पिछले 6 माह में ऐसा तीसरी बार हुआ है, चोर सबमर्सिबल का केबल काटकर उसे जला कर उसमें से तांबा निकाल कर बेचते हैं। यह काम नशेड़ियों द्वारा किए जाने की आशंका जताई जा रही थी। जिसको लेकर किसानों में पुलिस को तहरीर दी थी

# एक नजर

## अवैध विस्फोटक के साथ चार गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध रूप से भंडारित आतिशबाजी/बारुद की बरामदगी के लिए चलाए गए अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान चार अभियुक्तों को भारी मात्रा में बने हुए अवैध विस्फोटक आतिशबाजी सामग्री सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण विपिन पुत्र रामनिवास निवासी मौहल्ला पट्टी मेहर बिडौली रोड थाना बडौत जनपद बागपत, दिनेश उर्फ मुलायम पुत्र सूलत सिंह निवासी प्रतीम नगर थाना लाईनपाल जनपद फिरोजाबाद, ओमवीर पुत्र हरिनाल सिंह निवासी राजपुर नंगला थाना जलालाबाद शहाजहानपुर हालपता बीडीएस स्कूल के पास कैराना रोड़ थाना कांधला जनपद शामली, मंगल उर्फ मनोज पुत्र सियाराम निवासी नंगला विष्णु थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद हालपता बीडीएस स्कूल के पास कैराना रोड़ थाना कांधला जनपद शामली है। इनके पास से बरामदगी का विवरण विस्फोटक पदार्थ से बने पटाखे मार्का मिक्की माउस ओरिजन पीओपी कलर्स (210 गत्ता पेटी वजन करीब 3780 किलोग्राम), एक आयसर कैन्टर बरामद हुआ है।

## पांच अलग-अलग मामलों में आठ अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 5 अलग-अलग मामलों में 8 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व 6500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

1. वर्ष 2018 में अभियुक्त करमा उर्फ करमवीर पुत्र अजीत सिंह निवासी अजीजपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा व 1,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 06 दिन का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 1995 में अभियुक्तगण 1. गय्यूर पुत्र हकीमू 2. असगर पुत्र मुंशी निवासीगण बराला थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व कुल 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 7-7 दिवस का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

3. वर्ष 1995 में अभियुक्त गय्यूर पुत्र हकीमू निवासी बराला थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

4. वर्ष 1995 में अभियुक्त असगर पुत्र मुंशी निवासी बराला थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

5. वर्ष 2023 में अभियुक्तगण 1. मंजूर अली पुत्र मौहम्मद अय्यूब 2. अरशद पुत्र असगर 3. यूसुफ पुत्र फिरोज निवासीगण बडका रोड बागपत जनपद बागपत के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए कुल 1500/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदंड अदा न करने पर 10-10 दिवस का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## तमंचे के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रवि चौहान पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम पावटी कलां थाना कैराना करीब को एक अदद तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम बीबीपुर से ग्राम लक्ष्मणपुरा वाले रास्ते पर बनी टड्बवेल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर चालानी कार्यवाही कर रही है।

## अहिल्याबाई होल्कर के जन्मोत्सव पर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शासन प्रशासन के निर्देशों पर सरकारी विद्यालयों में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिन पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेता मौजूद रहे। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कस्बे के जय सीताराम इंटर कहलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें जन्म की स्मृति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु कॉलेज में विद्यार्थियों की दौड़, भाषण, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता आदि करवाई गई। कार्यक्रम संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष चेयरमैन सुरेश पाल कश्यप ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की मराठा शासक और होलकर राजवंश की प्रिया शासक थी। इनका जन्म 31 मई 1724 में हुआ था। इन्होंने अपने राज्य में धर्म, समाज और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इनके द्वारा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। संचालन मास्टर विजय कुमार ने किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य रन सिंह ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जन्म परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान कॉलेज के पूर्व प्रबंधक सरगीय नारायण दास गर्ग की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर डा सतीश कश्यप सहित अन्य स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# जीआई टैंग में शामिल हुआ गुड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैस्मिन, उपयुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र शामली द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुड़ को जी0आई0 टैंग में शामिल कर लिया गया है, जो जी0आई0 टैंग के साथ अब विश्व बाजार में दश्तक देगा और अपनी एक विशेष पहचान बनाएगा। जी0आई0 टैंग (भौगोलिक संक. ेतक) एक प्रकार से ऐसी मुहर है, जिससे उस उत्पाद की पहचान पूरी दुनिया में हो जाती है तथा उस क्षेत्र को सामूहिक रूप से इसके उत्पादन का एकाधिकार प्राप्त हो जाता है। अवगत कराना है कि नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के संहयोग से उ0प्र0 के 20 उत्पादों का जी0आई0 आवेदन किया गया था, जिसमें लम्बी कानूनी प्रक्रिया के उपरान्त जनपद शामली का गुड़ उत्पाद अब समृद्वि संस्कृति और सामूहिक बौद्धिक सम्पदा का हिस्सा बना है। अत: जनपद शामली के गुड़ उत्पादकध्गुड़ व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने गुड़ के उत्पादन एव वैक्यूम पैकेजिंग के लिए जी0आई0 टैंग हेतु पंजीयन यथा शीघ्र करने का कष्ट करें। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, अैद्योगिक आस्थान खेडीकरमू शामली में सम्पर्क कर सकते हैं।

# लायंस ओलंपियाड का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सैंट आरसी कावेंट स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लायंस ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने ओलंपियाड प्रतियोगिता में विजेताओं सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। ओलंपियाड प्रतियोगिता में कक्षा 6 के आरव चौधरी ने विज्ञान में प्रथम और गणित में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रुपये 5000 एवं द्वितीय रुपये 2500 का चौक प्राप्त किया।

कक्षा 9 के मन बालियान ने गणित में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रुपये 2500 का एवं अंश मित्तल कक्षा 5 में गणित व अतिक्ष राणा ने अंग्रेजी में और विज्ञान में तृतीय स्थान प्राप्त कर रुपये 1250 व 1250 रुपये चौक द्वारा प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट किया। विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ सिग्निफिकेंट एक्सीलेंस एचीवमेंट ट्राफी एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। लायंस ओ. लिंपियाड फाउंडेशन जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ती है। हम ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी प्रोत्साहित करेंगे जिसमे हमारे विद्यालय के होनहार विद्यार्थी ऐसे ही सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रविंद्रपाल मलिक, अनुपम मित्तल, मोहम्मद आरिफ, मनीष मित्तल, रवि हुडडा, प्रतिभा शर्मा, दीपा उपाध्याय, तनु चौधरी, दीप्ति पाण्डेय मौजूद रहे।

## किसान दिवस का आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि किसान दिवस का आयोजन 21.5. 2025 दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार बनत में मुख्य विकास अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय, शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उनके द्वारा समस्त सम्बन्धित से अनुरोध किया गया है कि वह आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## कच्ची शराब में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झिंझाना। पुलिस द्वारा अभियुक्त पप्पू उर्फ पप्पन पुत्र वेदपाल निवासी ग्राम सूबरी थाना झिंझाना को 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ केरटू बाईपास सूबरी से आने वाला मार्ग से गिरफ्तार किया गया, जिसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालानी कार्यवाही की है।

# 25 हजार का इनामी गो तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत गौकशी की घटना में वांछित 25 हजार रूपए के ईनामी हिस्ट्रीशीटर गौतस्कर को मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। पकडे गए गौतस्कर के पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए है।

गत 8 अप्रैल देर रात्रि थाना आदर्शमंडी क्षेत्रान्तर्गत जमालपुर नंगला वाले मोड के पास आम के बाग में पुलिस को गौ तस्करों द्वारा गौकशी की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से पशु काटने के उपकरण व एक जिंदा बछड़ा बरामद हुआ था, जिसके सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

मंगलवार को गौकशी की रोकथाम एवं गौतस्करो के विरुद्ध कार्यवाही के लिए चलाए गए अभियान में पुलिस ने 25 हजार के ईनामी हिस्ट्रीशीटर शौकीन पुत्र मकबूल निवासी मौहल्ला हकीकत नगर को गिरफ्तार किया। पकडे गए गौतस्कर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने गौतस्कर के पास से एक तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस, व दो खोखा कारतूस बरामद होना बताया है। पुलिस ने गौतस्कर को जेल भेज दिया है।

# एवरग्रीन स्कूल में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में मराठा साम्राज्य की महान समाजसे. विका और न्यायप्रिय शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, कार्यों और उनके आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। निर्णायक मण्डल द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र एंव छात्राओं को प्रतिभाओं के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। सारा और इसरा प्रथम, मैफरीन और साकिब द्वितीय व उवेश अहमद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगणों ने सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन में ब्रिजेश चौधरी, हसन अंसारी, मनीष भारद्वाज, विजय चौहान व शाहिद मिर्जा का विशेष सहयोग रहा।

# शादी अनुदान योजना के लाभ बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति एंव सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना संचालित है। जिसके अन्तर्गत आवदेक को 20,000/- रूपये की धनराशि दिए जाने का प्राविधान है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद शामली को अनुसूचित जातिध्जनजाति के 219 एंव सामान्य वर्ग के 178 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पात्रता की शर्तें- 1. योजना के अन्तर्गत आवेदक की आय गरीबी की सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र में 56,460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।, 2. वृद्धावस्था पेंशन निराश्रित विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन पाने वाले आवेदको को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

यदि आवेदक बी0पी0एल0 सूची में है तो सम्बन्धित सूची की छायाप्रति।, 3. अनुसूचित जनजा. ति/जनजाति वर्ग के आवेदको को तहसील द्वारा आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य है।, 4. विवाह हेतु किए गए आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। 5. योजनान्तर्गत आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है। 6. एक परिवार के अधिकतम 2 पुत्रियो की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। आनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया- 1. सर्वप्रथम आवदेक द्वारा आनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एंव आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, बैक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्व विवरण हो), शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है, 2. आवेदक शादी अनुदान पोर्टल https://shadi-anudan.upsdc.gov.in पर अपने रजिस्ट्रेशन हेतु अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा, 3. आवेदक आवेदन की अन्तिम रूप में सबमिट करने से पूर्व कोई भी प्रविष्टि में सुधार कर सकता है, किन्तु फाइनल सबमिट के उपरान्त आवेदन में किसी प्रकार का सुधार सम्भव नहीं होगा, 4. शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली में सम्पर्क करें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )

पत्रांक: 19 दिनांक: 20.5.2025

**ई टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली 15वां वित्त (Untied Grant)/ 15वां वित्त (Tied Grant)/ राज्य वित्त आयोग मद के अन्तर्गत (06 निर्माण कार्य) दिनांक 30.5.25 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 21.5.25 से दिनांक 30.5.2025 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता दिनांक 30.5.2025 की सांय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 31.5.25 को समय: 11:00 बजे से खोले जाएंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्राप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| बैंक का नाम | आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, शाखा शामली |
| खाता संख्या | 066801001515 |
| आई.एफ.एस.सी. कोड | ICIC0000668 |
| Tender Reference | 19/E-T/PWC/2024-25 |
| Publish and Time for RFP | 21.5.25 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of tender | 30.5.25 AT 5:00 PM |
| Open E-Tender Date | 31.5.25 AT 11:00 AM |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender security | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=590 (RTGS) for each work |

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, शामली


## खोया-पाया/सूचना

महिला थाना शामली में तैनात उपनिरीक्षक सुभाष सिंह की संपत्ति रजिस्ट्री का प्रथम पृष्ठ 19 मई 2025 को भारत प्रिंटर्स, मिल रोड, शामली के पास गुम हो गया। दस्तावेज मकान संख्या मं. नं. 638/50/1, न्यू सैनिक विहार, कंकरखेडा, मेरठ से संबंधित है। कृपया मिलने पर नजदीकी थाने में जमा करें।

# युवक से पूछताछ करने फिर कैराना पहुंची सीआईए की टीम

## युवक को हिरासत में लेकर सीआईए टीम ने पूछताछ के बाद छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसीद्धसीआईएऋ-1 की टीम एक बार फिर कैराना पहुंची और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया गया है। सीआईए टीम की दस्तक के बाद हड़कंप मचा हुआ है। पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए युवक की बहन व बुआ पाकिस्तान के सियालकोट में रहती है। सीआईए टीम द्वारा जासूसी प्रकरण में युवक की भूमिका तो नही है इसकी जांच की जा रही है। विगत 13 मई को हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही को गिरफ्तार किया था। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। नौमान के विरुद्ध पानीपत के सेक्टर-29 में स्थित औद्योगिक क्षेत्र थाने में सम्बंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया गया था।

बाद में सीआईए ने उसे एक सप्ताह के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था, जिसकी रिमांड अवधि 20 मई को पूरी होने जा रही है। सीआईए की टीम रिमांड पर लिए गए नौमान इलाही से जासूसी प्रकरण में गहन पूछताछ करने में जुटी हुई है। इसी प्रकरण में सीआईए-1 की टीम मंगलवार प्रातः एसआई देवराज सिंह के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा स्थित एक मकान पर दबिश दी। सीआईए टीम यहां से एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। टीम द्वारा युवक को हिरासत में लिए जाने से मोहल्ले में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि पानीपत सीआईए की टीम पूछताछ के लिए कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा से एक युवक को अपने साथ लेकर गई है। बताया जा रहा है कि टीम ने युवक से पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया है।

### पाकिस्तान के सियालकोट में रहती है युवक की बहन व बुआ

सीआईए टीम द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए युवक की बहन व बुआ पाकिस्तान के सियालकोट शहर में रहती है। विगत जनवरी माह में सियालकोट में युवक की बहन के यहां एक फंक्शन हुआ था, जिसमें सीआईए द्वारा उठाया गया उक्त युवक भी शामिल हुआ था। रिश्तेदारी होने के चलते युवक व उसके परिजनों की पाकिस्तान में अपनी बहन व बुआ से बातचीत होती रहती है। बताया जा रहा है कि सीआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए नौमान इलाही से पूछताछ के बाद ही युवक को पूछताछ के लिए उठाया गया है। नौमान ने पूछताछ के दौरान युवक के जासूसी प्रकरण में शामिल होने की बात कही है। इसी मामले में इसी मामले में सीआईए टीम ने कैराना पहुंचकर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की और बाद में उसे छोड़ दिया गया है।

### वैध पासपोर्ट पर होता रहा अवैध कारोबार

पाकिस्तान से वर्ष 1993 व 1996 व उसके बाद भी सवारी गठरी का कारोबार बड़े पैमाने पर होता रहा। वैध पासपोर्ट के आधार पर तस्करों को सवारी बनाकर पाक भेजा जाता रहा है, जो पाक में बैठे इकबाल उर्फ काना व दिलशाद मिर्जा के संपर्क में आकर पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से मिलते रहे।

कैराना बैठकर तस्करों द्वारा पाक से अवैध हथियारों की तस्करी, विदेशी मुद्रा व गोल्ड की तस्करी का अवैध धंधा फल फूलता रहा। इन दौरान खुफिया विभाग के साथ साथ पुलिस सक्रिय हुई। तब एक के बाद एक पोल खुलती चली गई।

### 18 लोग हुए थे सूचीबद्ध

पाक से अवैध हथियारों, विदेशी मुद्रा व गोल्ड की तस्करी करने तथा दुश्मन मुल्क की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में रहने वाले लगभग 18 लोगों को सूचीबद्ध किया गया था।

जो सवारी गठरी कारोबार के माध्यम से पाक की यात्रा करते थे और आतंकवादी संगठनों के संपर्क में आए थे।

### अमीर बने लोग खुफिया विभाग के रडार पर

वर्ष 1993 व 96 में पाक से तस्करी करने के मामले में सुर्खिई में आए लगभग 18 लोगों को पुलिस ने सूचीबद्ध किया था,उस समय उनके पास कोई ज्यादा संपत्ति भी नही थी और उनकी गिनती संभ्रांत लोगों की श्रेणी में होती थी। आज इनके पास एक बड़ी संपत्ति बताई गई है। क्या ऐसे लोग भी खुफिया विभाग की राडार पर हैं।

## एक नजर

### ज्येष्ठ मास के दूसरे दिन किया हवन पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में ज्येष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर हवन पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कलक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साथ अधिवक्ताओं व गणमान्य लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। मंगलवार को ज्एष्ठ मास के द्वितीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर हवन पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूजन के मुख्य यजमान एडीएम संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा रहे। इस दौरान पुजारी ने विधि विधान ने पूजन संपन्न कराया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पहुंचे कलक्ट्रेट में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान एडीएम संतोष कुमार सिंह को भावपूर्ण विदाई दी गई। यह भंडारा तत्कालीन जिलाधिकारी जसजीत कौर व एडीएम संतोष कुमार सिंह की प्रेरणा से हर वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार प्रियांका देशवाल, एडवोकेट बिजेन्द्र, रामकुमार वर्मा, प्रदीप पंवार आदि मौजूद रहे।

### बच्चे आपराधिक लाइन से बिल्कुल दूर रहें: मीनू वर्मा एडवोकेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** न्याय पीठ बाल कल्याण समिति शामली की सदस्या एडवोकेट मीनू वर्मा ने स्थानीय जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में पहुंचकर सभी छात्राओं को उनके उत्पीड़न और गलत कार्यों के प्रति जागरूक किया और उनके किसी भी तरह के उत्पीड़न के संबंध में टोल फ्री नंबर 181 या 1090 नंबर पर करने की सलाह दी। एडवोकेट मीनू वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय पीठ बाल कल्याण समिति पिछले 11 वर्षों से ऐसे नाबालिक बच्चों के लिए शामली में कार्य कर रही है जो अपने परिवार या अन्य किसी से उनकी क्रूरता का शिकार हो। मीनू ने कहा कि जो बच्चा गलत कृत्यों में पड़ जाता है वह अपने परिवार, रिश्तेदारों, समाज और स्कूल में हीन भावना से देखा जाता है ऐसे में शिक्षा के बिना उनका जीवन बर्बाद हो जाता है। इसलिए बच्चों को हमेशा गलत संगत से दूर रहना चाहिए । क्योंकि आज के बच्चे अपने व अपने परिवार तथा देश व समाज के लिए कल का सुंदर भविष्य होते है। प्रधानाचार्य रन सिंह ने बताया कि बच्चों को उनके उत्पीड़न के संबंध में एडवोकेट मीनू वर्मा द्वारा जागरूक किया गया है। ऐसी जानकारी बच्चों को बहुत ही कम मिलती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक सुनील कुमार बारी द्वारा किया गया।

### कैराना के अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा रैली, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा रैली का आयोजन किया। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भारतीय सेना के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। मंगलवार को बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता जनपद न्यायालय परिसर में एकत्र हुए। जहां से उन्होंने संगठन के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एवं महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में तिरंगा रैली की शुरुआत की। तिरंगा रैली जनपद न्यायालय के प्राचीन प्रेमचंद जैन द्वार से शुरू होकर कस्बे के मुख्य शामली-कैराना मार्ग, चौधरी सुल्तान सिंह स्मृति द्वार व कोर्ट परिसर से होते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंची। रैली में शामिल अधिवक्ता अपने हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा थामे हुए थे। वह भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर भी जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात, अधिवक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। इस अवसर पर बीएस चौहान,ईश्वरचंद जाटव,सालिम चौधरी,नीरज चौहान,अनुज रावल,रिजवान अली,शगुन मित्तल, अनुभव स्वामी,आदित्य चौहान आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध पड़ा महंगा, ग्रामीण पर किया हमला

- ग्रामीण को गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए किया रेफर
- घायल के पुत्र ने पिता-पुत्रों समेत कई लोगो के विरुद्ध पुलिस को दी घटना की तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध करने पर कुछ लोगो ने ग्रामीण पर घर में घुसकर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में ग्रामीण गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। घायल ग्रामीण के पुत्र ने पिता-पुत्रों समेत सात लोगो के विरुद्ध घटना की तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी विशाल ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि सोमवार प्रातः करीब नौ बजे उसके घर पर हवन हो रहा था। वह अपने परिवार के लोगो के साथ में हवन-पूजन में बैठा था। इसी दौरान गांव का ही वंश उर्फ वंशु नामक युवक बाइक पर सवार होकर उसके घर के सामने पहुंचा। आरोप है कि युवक ने स्टंटबाजी करते हुए बाइक से पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए। जब उसने ऐसा करने का विरोध किया तो आरोपी युवक उसके साथ में गाली-गलौच व मारपीट पर उतारू हो गया। आसपास के लोगो के बीच-बचाव करने पर युवक देख लेने की धमकी देता हुआ मौके से चला गया।

आरोप है कि शाम करीब आठ बजे आरोपी युवक व करीब आधा दर्जन लोग लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व तमंचों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही घर में मौजूद उसके पिता कंवरपाल पर हाथों में लिए हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में उसका पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आरोपियों के हमले में उसके पिता के सिर, चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों पर गम्भीर चोटें आई है।

घायल पिता को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने गम्भीर हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित युवक ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### सदमे से घायल ग्रामीण की मां ने तोड़ा दम

गांव रामड़ा में आरोपियों के हमले में घायल हुए ग्रामीण कंवरपाल की मां सुनहेरी देवी (85) की सोमवार की रात्रि में ही अचानक मौत हो गई। बताया गया है कि आरोपियों के हमले में घायल हुए कंवरपाल की मां को गहरा सदमा पहुंच गया, जिसे वह सहन नही कर पाई। नतीजन, रात्रि में ही बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।

# नहर के पानी के बंटवारे को लेकर किसानों ने दिया धरना, समझौते के बाद माने किसान

**थानाभवन।** गंगा यमुना संगम के बाद गांव भनेड़ा के पास से गुजर रही नहर के पानी के बंटवारे को लेकर किसानों ने विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरने की सूचना पर पहुंचे नहरवाई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे उधर पूर्व मंत्री ने ने पानी के बंटवारे पर समझौता करते हुए मामले को शांत किया।

थाना भवन क्षेत्र में गंगा यमुना नहर संगम के तट के पश्चात गांव भनेड़ाउड़ा से होकर गुजर रही है। यहां पर नहर से दो राजवाहे अलग-अलग दिशा में जा रहे हैं जिसमें एक तरफ गांव मानकपुर से होते हुए खेड़ा गदाई, केलशिकारपुर आदि गांवों तक रजवाहा जा रहा है, इसके अलावा गांव भनेड़ा से होते हुए गांव यारपुर, नोजल, उस्मानपुर आदि गाव से होते हुए रजवाहा जा रहा है उक्त दोनों रजवाहो से सैकड़ो किसानो की खेती में सिंचाई होती है। किसान भूषण कुमार, महिपाल सिंह, रजनीश आदि



का कहना था कि नाहरवाई अधिकारियों की हटधरमिता के चलते अधिकारी नहर का पानी सीधे आगे निकाल देते हैं।

जिससे दोनों राजवाहो में पानी नहीं पहुंच पाता। इसी के चलते बड़ी संख्या में किसानों की खेती बर्बाद हो रही है जबकि गर्मी के सीजन के कारण अभी किसानों को पानी की बहुत आवश्यकता है। मामले को लेकर परेशान किसान नगर के पास एकत्र हो गए था विरोध करते हुए धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पर नाहरवाई एसडीओ अमित कुमार पतरोल व जिलेदार के साथ मौके पर पहुंचे तथा किसानों को समझाने का प्रयास किया परंतु किसान बिना पानी के सप्लाई के बिना मानने को तैयार नहीं हुए। जिसपर पूर्व मंत्री सुरेश राणा को किसानों ने फोन पर सारे मामले से अवगत कराया गया। जिनके हस्तक्षेप के बाद मौके पर मौजूद एसडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किसानों से वार्ता कर मामले को सुलझाया।

एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि किसानों की इच्छा के अनुसार मौके पर सात डैम बनाए गए हैं जिसमें से दो डैम खोलकर आगे के लिए पानी दिया जाएगा जबकि पांच डैम को बंद रखा जाएगा जिससे नहर का पानी दोनों राजवाहों से होकर किसानों के खेत तक जा सके। समझौते के बाद किसान शांत हुए। देवेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, रामकुमार, चंद्रपाल, सुशील मालिक, पाल, अजित, यशपाल, महक सिंह, देवेंद्र राणा, रज्जू राणा, पिंटू राणा शक्ति सिंह आसिफ गुराना डॉ मुस्तकीम सतीश नोजल अंकुर कुमार मुखिया भनेड़ा रजनीश सिंह आदि मौजूद रहे।

### शैक्षिक भ्रमण हुआ

**बिजनौर।** आज कृष्णा फार्मेसी कालेज के छात्रों का पतंजलि औषधीय उद्यान और क्रिस्टल वर्ल्ड के लिए शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की और क्रिस्टल वर्ल्ड में वॉटर स्लाइड्स, रेन डांस, सी वेव्स, भूलभुलैया जैसे आकर्षक गतिविधियों का आनंद लिया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने कहा कि इस तरह के भ्रमण छात्रों की मानसिक और शारीरिक वृद्धि में अहम हैं।



शामली। नगर पंचायत के जन्मदिन ( स्थापना दिवस ) पर केक काटते हुए। छाया शाह टाइम्स

# पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम के मॉडल पर किए जा रहे निजीकरण का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन के बैनर तले मंगलवार को दर्जनों जूनियर इन्जीनियर्स ने एसई कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम के किए जा रहे निजीकरण का विरोध किया।

मंगलवार को धरने को संबोधित करते हुए जूनियर इन्जीनियर्स ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्काम पीपीपी मॉडल पर निजीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है जिस से प्रदेश भर के जूनियर इन्जीनियर्स एवं प्रोन्नत अभियन्ताओं में व्यापक रोष उत्पन्न हो गया।

कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्दर अथवा देश के अन्दर जब भी निजीकरण का प्रयोग किया गया वह पूर्णतः विफल रहा। जिससे ऊर्जा क्षेत्र



के कार्मिकों की सेवा शर्ते प्रभावित ही नहीं हुई अपितु बिजली दरे मंहगी हुई एवं उपभोक्ता सेवा भी बुरी तरह प्रभावित हुई।

निजीकरण का सीधा दुष्प्रभाव गरीबो, किसानों एवं आम जनमानस पर बुरी तरह पड़ा है। मंगलवार को अवर अभियंता व प्रोन्नत अभियंताओ ने पुरे दिन निजीकरण के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि 21 से 28 मई तक दोपहर 2 बजे से काल 5 तक विरोध सभा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विजय शंकर कुशवाहा, मोहम्मद मुवीन, नीतीश कुमार, राकेश कुमार, प्रेम सिंह, शैलेश कुमार यादव, ब्लवंत सिंह सहित जूनियर इंजीनियर संगठन के समस्त सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# नगर पंचायत बनत का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को नगर पंचायत बनत का 43वां स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे प्रातः 11 बजे पंडित रामलाल भारद्वाज के द्वारा हवन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा कुसुम देवी व अधिशासी अधिकारी देवकीनन्दन तथा ओम. सिंह कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से यज्ञ में आहुति प्रदान दी।

अध्यक्षा कुसुम देवी ने नगर पंचायत परिसर में केक काटा। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

ब्राण्ड एम्बेसडर महेन्द्र सिंह सैनी एवं एसबीएम लिपिक ओमसिंह कश्यप के द्वारा उपस्थिति सभी सभासगणों एवं नागरिको को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर गीला कूड़ा हरे डिब्बे एवं सूखा कूड़ा नीले डिब्बे में अलग-2 देने एवं मेरा आंगन मेरी हरियाली के अन्तर्गत आंगन में पेड पौधे लगाने तथा गीले कूडे से अपने घर में होम कॅम्पोस्टिंग खाद बनाकर गमलों एवं पौधों में खाद डालकर हरा भरा बनाने के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि अपने घरों का कूड़ा नाली, नालो, सड़क आदि पर न डाले। केवल नगर पंचायत के वाहन में ही डाले। कार्यक्रम में अध्यक्षा कुसुम देवी, अजय कुमार, नीरज कुमार, इकराम अली उर्फ मुन्नु, कल्लू, कृष्ण कुमार, अमरेश आदि सभासदगण मौजूद रहे। वही ओमकुमार कौशिक, ओमसिंह कश्यप लिपिक, रामकिशन, शिवकुमार गौतम, राहुल कुमार, अमित कुमार, प्रवीन कुमार, देवेन्द्र आदि ने वर्ष भर किए कार्यो की जानकारी दी।

# ईदगाह भूमि विवाद पर टीम पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला में ईदगाह की भूमि विवाद को लेकर जारी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है।



शिकायत पर मंगलवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा, और ईदगाह की जमीन की पैमाईश की गई लेकिन कोई ठोस निस्तारण नहीं हो सका। वहीं एसडीएम ने मौके पर अनुपस्थित रहे ॅच्क अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई है। इस मामले में तहसील प्रशासन और एसडीएम शामली हामिद अंसारी, तहसीलदार मृदुला दुबे के साथ राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह, लोकेश सैनी व अन्य लेखपालों की टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ लोक निर्माण विभाग के दो मेहट और बेलदार तथा भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। भूमि की घंटों तक पैमाइश चली, लेकिन PWD के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे निर्णय टल गया। एसडीएम ने मौके से ही ॅच्क के एई ईश्वर दत्त को फोन पर फटकार लगाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार को मौके पर पहुंचकर विभागीय टीम स्थाई समाधान सुनिश्चित करे। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा रही, जो शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन के फैसले का इंतजार करती रही। फिलहाल प्रशासन ने आगामी कार्रवाई के लिए ॅच्क को तलब किया है। अब देखना होगा कि बुधवार को विभागीय अफसर क्या रुख अपनाते हैं।

# भाकियू संघर्ष मोर्चा ने बिजली घर पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के लोगों ने झिंझाना के गाड़ी वाला चौक स्थित बिजली घर पर लाइनमैन के खिलाफ अवैध उगाही, स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट एवं नए कनेक्शन पर अवैध उगाही के बारे में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतेंद्र सरोहा की टीम ने झिंझाना के गाड़ी वाला चौक स्थित बिजली घर पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि कस्बे में चौकिंग के नाम पर लाईन मैनों ने लूट मचा रखी है। उन्होंने सुधीर, इस्लाम,



झिंझाना के बिजली घर पर धरनारत किसानों के बीच बैठे अधिशासी अभियन्ता जितेंद्र सिंह।

दीपक, बिलाल को झिंझाना कस्बे से हटाने की मांग की। उन्होंने बिजली अधिकारियों पर एबीसी केबिल तथा विद्युत पोल का एस्टीमेट बनाने के नाम पर अवैध उगाई का भी आरोप लगाया। वही स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए किसानों ने स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की। किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा कि किसानों तथा आम लोगों से नए कनेक्शन के नाम पर अवैध उगाई की जा रही है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। बाद में किसानों ने ज्ञापन अधिशासी अभियंता जितेंद्र सिंह को देकर धरना समाप्त किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्एंद्र सरोहा, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मुखिया, पंकज चौधरी, विशाल राणा, अजय काजला, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, रमन शर्मा, चौधरी बलबीर सिंह, फुरकान अंसारी, जहांगीर आलम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आई.ए. क्लासेज ने किया मेधावियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आई.ए. क्लासेज की ओर से मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

आई.ए. क्लासेज नगीना की ओर आई.ए. क्लासेस का नाम रोशन करने वाले मेधावी बच्चों को मैनेजर इम्तियाज अली, जुबेर अहमद व गौतम द्वारा एक बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एम एम इंटर कॉलेज नगीना के प्रिंसिपल शाहिद अली गौहर रहे। समाजसेवी वसीम अहमद की अध्यक्षता व शेख नगीनवी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में आई.ए. क्लासेस के संचालक इम्तियाज अली ने कहा कि हमारा यह आई.ए. क्लासेज कई सालों से नगीना में शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है। आई.ए. क्लासेज में पढ़ने वाले छात्रों जिनमें तोबा टॉपर रही। वसीम सेकंड व समीक्षा तृतीय स्थान पर रहे। इनके अलावा मोहम्मद फैज, कशिश, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद इब्राहिम, अजय कुमार, वंश कुमार, मुताहिर, मेराज इन सभी को अच्छे नंबर लाने पर आई.ए. क्लास की तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एम.एम. इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल शाहिद अली गौहर ने कहा कि नगीना में आई.ए. क्लासेस एक उभरता हुआ सितारा है। उन्होंने नगीना और आसपास के बच्चों और उनके पेरेंट्स से अपील की कि अपने बच्चों को आई.ए. क्लासेस में एडमिशन कराकर व नीट, जेईई, मेडिकल लाइन में रेगुलर क्लास कराकर अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाएं। इस मौके पर समाजसेवी तंजील आलम, शेख नगीनवी व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे वसीम अहमद अंसारी, वसीम मुल्तानी, तहजीब आलम, मेराज हुसैन, नूर अहमद, खालिद अंसारी, आफताब आलम, जुबेर आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल ने फ्लाईओवर से लगाई छलांग

# युवती की उपचार के दौरान मौत युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार सवार युवक युवती ने संदिग्ध प्रस्थितियों में फ्लाईओवर से छलांग लगा दी। घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई जबकि युवक की हालत नाजुक बनी हुई हैं।

युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव लखनौती निवासी हर्षित त्यागी नामक युवक पर युवती को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के पांच दिन बाद युवती के पिता ने एसपी देहात को तहरीर देकर पुलिस पर समुचित धाराओं में मुकदमा कायम न करने का आरोप लगाते हुए एसओजी व क्राइम ब्रांच को जांच सौंपने की मांग की थी।



मंगलवार की दोपहर सहारनपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की इको स्पोर्ट कार में सवार युवक युवती ने स्टेट हाईवे 59 पर देवबंद आबादी क्षेत्र में बने फ्लाईओवर पिलर नंबर 71 के निकट अचानक कार से उतरकर नीचे छलांग लगा दी। चर्चा है कि युवक युवती का कार सवार कुछ लोग पीछा कर रहे थे और उनके ऊपर फायरिंग भी की गई जिसके चलते युवक युवती ने जान बचाने के लिए कार से उतरकर फ्लाईओवर से नीचे छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में सनसनी फेल गई और मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि युवती गांव रणखंडी की रहने वाली है जबकि युवक कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनौती का रहने वाला है, दोनों अलग अलग बिरादरी से संबंध रखते हैं और प्रेमी युगल हैं और वह पिछले नो दिनों से फरार थे। घटना के संबंध में कोई भी अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

## पुलिस ने वांछित आरोपियों को न्यायालय के समक्ष किया पेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरा. पी नया बाजार थाना काज़ी वाला जनपद शामली निवासी बिट्टू पुत्र नकली सिंह ग्राम बलाचोर के थाना नागल जनपद सहारनपुर निवासी शिवा सैनी पुत्र रामकुमार को मुखबिर की सूचना के आधार पर रणखंडी फाटक के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाई कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# प्रबंधक के आश्वासन पर धरना समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने गांव गंगदासपुर गुडगंजपुर एसबीआई शाखा के प्रबंधक पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। बाद में शाखा प्रबंधक ने गलती मानते हुए भविष्य में ऐसा व्यवहार न करने का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

मंगलवार को यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी पहल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांव गंगदासपुर में बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया। किसान नेताओं का आरोप है कि शाखा प्रबंधक किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करता है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाद में शाखा प्रबंधक सतीश मलिक ने धरना स्थल पर किसानों के बीच आकर भविष्य में ऐसा नहीं



करने की बात कही। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष ललित चौधरी, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, महाव. ीर सिंह, रणजीत सिंह, ईश्वर पाल सिंह, हरपाल सिंह, सुनील व संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** झाड़-फूंक कराने आ रही किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

प्रतापगढ़ निवासी 16 वर्षीय किशोरी सोमवार को ट्रेन से देवबंद झाड़-फूंक कराने के लिए आ रही थी। वह ट्रेन से गाजियाबाद पहुंची, जहां से उसे दूसरी ट्रेन पकड़कर देवबंद आना था। इस दौरान उसे एक युवक मिला और बहला फुसलाकर उसे अपने साथ देवबंद ले आया। पुलिस के मुताबिक उसने यहां झाड़-फूंक कराया और बाद में किशोरी को अपने साथ एक दोस्त के यहां ले गया। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी किसी तरह उनके चंगुल से बचकर पुलिस के पास पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया और उसी की तहरीर पर मामला पंजीकृत किया। जांच में जुटी पुलिस ने मंगलवार को रणखंडी रेलवे फाटक के समीप से जनपद शामली के थाना काजीवाला ग्राम नया बाजार निवासी बिट्टू और जनपद सहारनपुर के थाना नागल क्षेत्र के ग्राम बलाचोर निवासी शिवा सैनी को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दो वर्गों में आयोजित हुई कबड्डी में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्कूल परिसर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के बालक वर्ग में सुभाष सदन ने 35-31 स्कोर से आजाद सदन तथा बालिका वर्ग में आजाद सदन ने 26-18 स्कोर से सुभाष सदन को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। जबकि कक्षा 6 से 8 तक बालक वर्ग में सुभाष सदन ने 28-24 स्कोर से आजाद सदन को तथा बालिका वर्ग में आजाद सदन ने भगत सिंह सदन को 19-13 से हराकर ट्राफी कब्जाई। विजयी खिलाडियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा



पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। संरक्षक हरि सिंह सैनी व प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने खेलों को शरीर के लिए आवश्यक बताया। अनिता सैनी, वंदना, सुनीता चौधरी, शिवकुमार सैनी व राजी शर्मा आदि मौजूद रहे

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर जताया रोष

**देवबन्द।** साधारणपुर गांव में अनूसूचित जाति के लोगों के साथ हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई करने और कई अन्य घटनाओं का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दलित-मुस्लिम उत्पीड़न पर रोष जताया।

मंगलवार को भीम आर्मी के जिला संयोजक शौर्य आंबेडकर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सीओ कार्यालय पहुंचे और विभिन्न घटनाओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीओ रविकांत पाराशर को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने साधारणपुर गांव में अनूसूचित जाति के लोगों के साथ मारपीट के मामले में एक तरफा कार्रवाई पर रोष जताया और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इसके अलावा जडौदा जट्ट गांव में पिछले दिनों हुए राजेश हत्याकांड और मोहल्ला पठानपुरा निवासी आठ वर्षीय साजिद की हत्या का खुलासा करने और राजेश के परिवार वालों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। शौर्य आंबेडकर ने कहा कि लगातार दलित और मुस्लिमों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारियों में तहसील अध्यक्ष नरेंद्र लांबा, उपाध्यक्ष पंकज, कारी नौशाद, नगर अध्यक्ष इस्लाम मलिक, नितिन जाटव, सुफियान कुरैशी, डॉ. दीपक पुरी आदि शामिल रहे।

# एक ही ट्रेक पर जल्द दौड़ेंगी नमो भारत

**मेरठ दिल्ली के आसपास के क्षेत्र को मिलेगी विकास की नई दिशा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक अनूठी पहल के तहत देश में पहली बार एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इंटरसिटी यानी दिल्ली से मेरठ को जोड़ने वाली सेमी-हाई-स्पीड 'ट्रेन नमो भारत और मेरठ शहर में चलने वाली मेरठ मेट्रो, जल्द दौड़ती नजर आएंगी। ये भारतीय परिवहन परिदृश्य में नई क्रांति लाने जा रही हैं। अत्याधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली और अनुकूलित समय-सारणी से नमो भारत और मेरठ मेट्रो - दिल्ली, मेरठ व आसपास के क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को नया आयाम देंगी, जिससे तीव्र, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा संभव होगी तथा लाखों लोग इससे लाभान्वित होंगे।

नमो भारत की अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा है जो फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक संचालित हो रही है। वहीं, देश की सबसे तेज मेट्रो-मेरठ मेट्रो 120 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलने में सक्षम है जो मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो तक 13 स्टेशनों के बीच संचालित होगी जिससे न सिर्फ लोगों के यात्रा समय में भारी बचत होगी बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। एक ही बुनियादी ढांचे पर दोनों परिवहन साधनों का संचालन एक महत्वाकांक्षी परियोजना है और भारतीय परिवहन क्षेत्र में बड़े बदलाव का प्रतीक है।

आने वाले समय में देश के अन्य शहरों में भी यह मॉडल देखने को मिलेगा। एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सुचारू संचालन के लिए, नमो भारत और मेरठ मेट्रो, दोनों की अनुकूलित समय-सारणी बनाई जाएगी। नमो भारत ट्रेन फिलहाल हर 15 मिनट में उपलब्ध है, जो सराय काले खां से मोदीपुरम तक के पूरे कॉरिडोर के संचालन के बाद 10 मिनट तक होने की संभावना है। मेरठ मेट्रो की फ्रीक्वेंसी संभवत 7 मिनट की रहेगी। ट्रेन शेडयूल बनाते हुए एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रखा है। मेरठ में ऐसे स्टेशनों पर आइलैंड प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है, जहां मेरठ मेट्रो और नमो भारत का ठहराव होगा। एक तरफ नमो भारत और दूसरी तरफ मेरठ मेट्रो मिलेगी, आप एक से उतरकर सामने वाले प्लेटफार्म से दूसरी ट्रेन पकड़ सकते हैं। एक ही दिशा में जाने के लिए यात्रियों को ज्यादा चलने की असुविधा नहीं होगी।

उदाहरण के लिए, यदि किसी यात्री को मोदीनगर नॉर्थ से मेरठ नॉर्थ मेट्रो स्टेशन जाना है तो उसे बेग. मपुल तक नमो भारत में सफर करना होगा और फिर इसी स्टेशन पर उतरकर अगली मेट्रो में यात्रा करनी होगी। बेगमपुल स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया गया है, जहां आइलैंड प्लेटफार्म हैं। ऐसे में दोनों ही दिशा में जाने वाली ट्रेन के लिए सीढ़ी या लिफ्ट का इस्तेमाल किए बिना यात्री उसी प्लेटफार्म के दोनों तरफ से अपने गंतव्य की ट्रेन पकड़ सकते हैं। आइलैंड प्लेटफार्म ऐसा होता है जिसके दोनों तरफ ट्रैक होते हैं। टिकट के लिए हालांकि उसे मोदीनगर नॉर्थ से सीधे मेरठ नॉर्थ का ही टिकट लेना होगा, यानी मेट्रो का टिकट अलग से लेने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही एक ही दिशा में चलने वाली नमो भारत और मेट्रो इस तरह प्लेटफार्म पर आएंगी जिससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर उतरकर दूसरी तरफ जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उसी प्लेटफार्म के एक तरफ नमो भारत और एक तरफ मेरठ मेट्रो आएगी।

## टिकट वेंडिंग मशीन से यात्रियों को मिलेगी सुविधा




टिकटिंग के लिए यात्रियों को स्टेशन पर काउंटर के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन मिलेंगी, जिनसे वे कैश, कार्ड और यूपीआई से टिकट खरीद सकते हैं। इसके अलावा नमो भारत कनेक्ट एप से भी ट्रेन टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस एप पर 'जर्नी प्लानर' का फीचर भी दिया गया है जिससे यात्री अपने गंतव्य की जानकारी ले सकते हैं। इतना ही नहीं, नमो भारत कनेक्ट एप से दिल्ली मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं, जिसके लिए एनसीआरटीसी ने डीएमआरसी के साथ साझेदारी की है। इसी तरह, मेट्रो टिकट बुक करने के लिए डीएमआरसी मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करने वाले यात्री नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो के टिकट भी खरीद सकते हैं।

# तीन पर षड्यंत्र के तहत पत्नी गायब करने का लगाया आरोप

**चिलकाना।** कस्बा सुलतानपुर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी युवक मांगेराम पुत्र चमनलाल ने एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि लगभग 09 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी की मृत्यु हो गयी थी। जिसके पश्चात सिवांग, बिहार निवासी नीता के साथ उसकी शादी नीता के चाचा द्वारा करायी गयी थी। नीता की भी पूर्व में कहीं ओर शादी हुई थी जिससे उसका एक बेटा अमित कुमार भी है। वहीं पीडित के पास भी पूर्व पत्नी के चार बच्चे हैं। पीडित का आरोप है कि उसकी पड़ौसी युवती सहारनपुर में लकडी कम्पनी के अमन ठेकेदार के यहां काम करती है। इसी युवती ने पीडित की पत्नी नीता को भी वहां काम दिलाया व ठेकेदार अमन व उक्त युवती ने नीता की मुलाकात वहीं पर काम करने वाले एक युवक विक्की से करायी। ठेकेदार व पडौसी युवती दोनो ने मिलकर उसकी पत्नी नीता की शादी विक्की के साथ कराने के लिए षडयंत्र रचा। जिसके बाद नीता ने पीड़ित मांगेराम के सामने अपने मायके होकर आने की इच्छा जाहिर की तो उसने पत्नी नीता व पुत्र अमन को सिवांग बिहार जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया। पीडित ने फोन पर बात की तो पुत्र अमन ने बताया कि मां नीता उसे छोडकर अगले दिन ही वापस सहारनपुर चली गयी। जिससे पीडित को शक हुआ व उसने अपने घर में रखे पैंतीस हजार रूपये, सोने के कुंडल एवं सोने की अंगूठी को देखा जो कि वहां से गायब थे। पीडित ने जब अपनी पत्नी नीता से फोन कर बात की तो उसने कहा कि वह जल्दी ही वापस घर आ जायेगी लेकिन कुछ देर बाद ही नीता ने पीडित के नम्बर को ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। पीडित का कहना है कि उसने थाना पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन कई बार थाना के चक्कर काटने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक नही की गयी है। जिसके बाद पीडित मांगेराम ने एसएसपी से विपक्षीगण उपरोक्त के खिलाफ थाना पर मुकदमा दर्ज करवाये जाने व उसकी पत्नी को सकुशल बरामद किये जाने की गुहार लगाई है। एसएसपी ने थाना प्रभारी को तीन दिनों के अंदर उक्त मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आद. ेश दिये हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतु सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | मौ. अनस पुत्र मौ. तैय्यब, मौ. चाँद पुत्र अब्दुल हफीज | मीरा कंसल पत्नी विजेन्द्र कुमार | कायस्थवाडा-क-16 |
| 2. | लियाकत अहमद पुत्र नजीर अहमद | अजय कुमार पुत्र मोहन लाल, रमा रानी पत्नी मोहन लाल | भुल्लनशाह -548 |
| 3. | सबा सलीम पत्नी अकरम मंजूर | अकरम मंजूर पुत्र मंजूर हसन | अबुलमाली-146 |
| 4. | मौ. इरफान पुत्र मौ. हनीफ | अतीक अहमद पुत्र कदीर अहमद | छिम्पीवाड़ा-814 |
| 5. | मुशर्रफ पुत्र मौ. असगर | हुसन जहां पत्नी मौ. शमशाद व अलकमा पत्नी मौ. दिलशाद | पठानपुरा-क-259 |
| 6. | सुरेन्द्र पुत्र रतन सिंह | जगपाल शर्मा पुत्र इलमचन्द शर्मा | शिक्षक नगर-1634 |
| 7. | शाहीन पत्नी मौ. वसीम अहमद | मौ. महबूब पुत्र मौ. मकसूद | पठानपुरा-क-1097 |
| 8. | सोहनलाल पुत्र जयप्रकाश | जयप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | छिम्पीवाडा-960 |
| 9. | करना महेश्वरी पुत्र सोहनलाल | जयप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | नेचलगढ़-476 |
| 10. | करना महेश्वरी पुत्र सोहनलाल | जयप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | बाजार कलां-187 |
| 11. | करना महेश्वरी पुत्र सोहनलाल | जयप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | भुल्लनशाह-569 |
| 12. | विजेश कुमार वर्मा पुत्र चन्द्र प्रकाश | कुलदीप कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश | सड़क रेल-780/1 |
| 13. | सुहेल उस्मानी पुत्र हकीम इश्हाक | हकीम इश्हाक पुत्र अब्दुर्रहमान | बडजियाउलहक-59 |
| 14. | सुहेल उस्मानी पुत्र हकीम इश्हाक | हकीम इश्हाक पुत्र अब्दुर्रहमान | बडजियाउलहक-543 |
| 15. | रिहाना पत्नी मौ. सलीम | ओमप्रकाश पुत्र रामदिया फुल्लु पुत्र कुन्दन, कृष्णा बेवा बाबूराम, धर्मपाल पुत्र रामदिया | पठानपुरा-क-468, 469, 470, 471 |
| 16. | युवराज सिंह सनावर पुत्र पीयूष सनावर | डा. ओमप्रकाश सनावर पुत्र बद्रीप्रसाद | सडक रेल-960, 961, 962 |
| 17. | संजय कुमार गोयल पुत्र बृहमानन्द | विजय कुमार पुत्र जुगल किशोर | सडक रेल-623/13 |
| 18. | रेखा रानी गोयल पत्नी संजय कुमार गोयल | विजय कुमार पुत्र जुगल किशोर | सडक रेल-623/12 |
| 19. | मौ. प्रवेज पुत्र मौ. इस्लाम | शबाना फुरकान अंसारी | पठानपुरा-ख-640/3 |
| 20. | बलजिन्द्र सिंह पुत्र विरेन्द्र पाल सिंह | मौ. मुशताक पुत्र मौ. युसूफ | बाजार कलां-67 |
| 21. | बीना रानी पत्नी अशोक कुमार | द्रोपदी देवी पत्नी जगद. ीश प्रसाद | जोशीवाडा-191, मण्डी-566 |
| 22. | शिवानी मित्तल पत्नी अनुज कुमार | मौ. इरफान पुत्र फुरकान | सडक रेल-1056 |
| 23. | बीना पत्नी नानू | सोनी पत्नी अतरू, नानू पुत्र रामस्वरूप | बाल्मिकी बस्ती-1085 |
| 24. | संतोष पत्नी बलराम सिंह | बलराम सिंह पुत्र राम सिंह | शिक्षक नगर-1619 |
| 25. | अरूष पुत्र मोहन लाल | ईश्वर चन्द पुत्र हरिचन्द | फोलादपुरा-671 |
| 26. | विवेक तायल पुत्र अनिल तायल व नेहा तायल पत्नी विवेक तायल | अनिल कुमार पुत्र माधोराम | बाजार कलां-211 |

**बेदखली / संबंध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र **निशांत** एवं पुत्रवधु **मानसी** के गलत कृत्यों, गलत चाल चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से इनको बेदखल करता हूं। इनका मेरे और मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई संबंध भविष्य में नहीं रहेगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे संबंध विच्छेद रहेगा। इनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्य व लेनदेन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रवण त्यागी पुत्र महेंद्र त्यागी**
निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना छपार
जिला मुजफ्फरनगर।
मो. 9760082042.

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहन को उसके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

सचिन कुमार पुत्र विनोद कुमार
निवासी ग्राम दुगचाडा तहसील
देवबंद जिला सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

**एक नजर**

## मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के मॉडल शाखा का बैंक के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आंच. लिक प्रबंधक महेश सभरवाल सहित बैंक के कई सम्मानित स्टाफ और ग्राहक उपस्थित थे। गोपाल कृष्ण ग्राहकों से रुबरु होते हुए तीव्र गति से बढ़ते जीवन में बैंक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि बैंकिंग जीवन में एक ही स्थान पर सारी सुविधाओं से युक्त यह मॉडल शाखा बैंक द्वारा किया गया एक अद्वितीय प्रयास है। आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने उपस्थित ग्राहकों से कहा कि मॉडल शाखा का विचार बैंक में एक नया कदम है। आशा है आप सभी इन सुविधाओं का लाभ अवश्य उठाएंगे। कई सम्मानित ग्राहक ने भी अपने विचार रखे। अंत में शाखा प्रभारी बीके गौतम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## सीसीएसयू की परीक्षा में उड़ाका दल ने छात्रों के पास पकड़ी नकल सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित परीक्षाओं की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित उड़ाका दल ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के दो प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। दल का नेतृत्व प्रोफेसर जयमाला द्वारा किया गया, जिनके साथ डॉ. योगेन्द्र गौतम, डॉ. नाजिया तरन्नुम एवं डॉ. मुनेश कुमार बतौर सदस्य सम्मिलित थे। उड़ाका दल ने सर्वप्रथम प्रात: 11 बजे काशीराम शोधपीठ परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते हुए परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली एवं केंद्र की समग्र परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया।

# नागरिक सेवा और जनकल्याण निस्तारण में मेरठ परिक्षेत्र को मिला प्रथम स्थान

## डीआईजी रेंज कलानिधी नैथानी की मेहनत का दिखा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाज में पुलिस की वर्दी की धमक और अपने कर्तव्य को पूरी तरह निभाने का जज्बा हो तो हर काम मुमकिन हो सकता है। मेरठ रेंज के डीआईजी कला निधि नैथानी ने डीआईजी के पद पर कार्यकर जनहित के साथ साथ पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाकर यह दिखा दिया है। डीआईजी के जिस पद को जनता सिर्फ कागजी कार्रवाई के रूप में देखती है दरअसल वह कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि समाज का एक आईना और जनता के बीच पुलिस की वर्दी को भी सुधारने का एक बड़ा माध्यम है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने शासन द्वारा निर्धारित समय में अपने शानदार प्रयासों से जनकल्याणकारी और पुलिस को मिली अनगिनत शिकायतो को मात्र 15 दिन में निस्तारित करके मेरठ परिक्षेत्र का नाम उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान की तरफ लाकर खड़ा कर



दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि उ.प्र. जनहित गारन्टी अधिनियम में अधिसूचित गृह विभाग से सम्बन्धित नागरिक सेवायें सिटीजन पोर्टल के माध्यम से जनसाधारण को प्रदान की जाती हैं, जिसकी समीक्षा उ.प्र. शासन द्वारा समय-समय पर की जाती है। मेरठ परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत एवं हापुड़ द्वारा पोर्टल से प्राप्त नागरिक सेवाओं चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन इत्यादि का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है जिसके लिये चारो जनपद बधाई के पात्र हैं। नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन, किरायेदारी सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन एवं घरेलू सहायता सत्यापन आदि के अन्तर्गत जनपद मेरठ में 820, जनपद बुलन्दशहर में 441, जनपद बागपत में 270 व जनपद हापुड़ में 160 कुल 1691 आवेदन सिटीजन पोर्टल से प्राप्त हुए, जिनका चारो जनपदो द्वारा 15 दिवस के अन्दर शत्-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। गत माह रेंज के सभी जनपदों की समीक्षा कर नागरिक सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपदीय टीमों ने अच्छा कार्य किया है। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को नागरिक सेवाओं का शासन एवं मुख्यालय की मंशानुसार इसी तरह आगे भी पूर्ण मनोयोग से समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## 4 मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का चार लाख वार्षिक के पैकेज पर हुआ चयन

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत संचालित सर छोटू राम अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड टीसीआई द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की मैकेनिकल इंजी. नियरिंग शाखा के आठ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को कंपनी के विशेषज्ञों ने कई चरणों में संपन्न कराया, जिसमें तकनीकी साक्षात्कार, संवाद कौशल, और समस्या समाधान क्षमता जैसे मानकों पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया। अंतत: चार छात्रों आशीष वाष्णेय, करण रावत, देवांश पाराशर, ऋतिक चौरसिया का चयन वार्षिक चार लाख रुपये के वेतन पैकेज पर किया गया, जो छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान एवं व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, डीन टेक्नोलॉजी प्रोफेसर संजय भारद्वाज, संस्थान के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. गौरव त्यागी एवं पीयूष बत्रा ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

# कम्पाउंडर का शव रेलवे लाइन पर मिला

## संधावली अण्डर पास पर रात्रि दो बजे हुई घटना, ग्राम संभलहेडा का है मृतक गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की देर रात सिविल लाइन क्षेत्र के अण्डर बाईपास स्थित ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक सरकुलर रोड पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के यहां काम करता है और चर्चा है कि किसी कमेटी के कारण युवक ने यह कदम उठाया है मामला आत्महत्या का है या फिर दुर्घटना हुई है यह तो पुलिस जांच का विषय है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है और घटना से पूरे गांव में शोक छाया हुआ है।

सोमवार की देर रात करीब दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि सिविल लाइन क्षेत्र के संधावली अण्डर बाईपास के निकट रेलवे लाइन के निकट एक युवक का शव पडा हुआ है। सूचना के बाद सिविल लाइन की चौकी सुजडु चुंगी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। देर रात्रि में ही पुलिस कई घंटे तक मृतक की पहचान कराने में जुटी रही। पुलिस ने काफी समय बाद मृतक की शिनाख्त मीरांपुर के गांव संभलहेडा निवासी 29 वर्षीय गौरव कुमार पुत्र सतपाल के रूप में की। मृतक के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि वह सिविल लाइन क्षेत्र के सरकुलर रोड स्थित एक बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के यहां काम करता था और कभी-कभी यह नर्सिग होम में ही रूक जाता था। मृतक एक बच्ची का पिता था और उसके पिता सतपाल मजदूरी करते है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि गौरव कुमार किसी कमेटी को लेकर परेशान था। मृतक सोमवार की दोपहर घर पर था और वह इसके बाद ड्यूटी पर कहकर गया था गौरव कुमार की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है पूरे गांव में शोक छा गया है।

## ई-रिक्शा चालक अस्पताल में शव को छोड़कर हुआ फरार

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस समय शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। पुलिस का कहना है कि कोई ई-रिक्शा वाला शव को हनुमान चौक से उठाकर लाया और डॉक्टर द्वारा मृतक घोषित होने के बाद उसको मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस का कहना है कि काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भरी हुंकार

**मुजफ्फरनगर।** लम्बिवत मांगों के समर्थन में आंगनबाडी कार्यकत्रियो ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारी ऋतु चौधरी, कमलेश, रामदुलारी, अमृता त्यागी, उमेश त्यागी, मीरा त्यागी, लोकेश, रजनी पाठक, मधुबाला ने कहा कि अपने अधिकारों की लड़ाई लडने के लिए अब आंगनबाडी कार्यकत्री तैयार है। उन्होने कहा कि उन्हे मिलने वाला मानदेय बढ़ाया जाए। सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने में आंगनबाडी कार्यकत्री एक कड़ी का काम करती है इसके बावजूद भी उनकी अनदेखी उनके साथ सौतेला व्यवहार है।

# सोशल मीडिया पर असलाह लहराने वाले से एटीएस व आईबी टीम ने की पूछताछ

■ मोरना निवासी हसीन ने एक-47 के साथ फोटो किए थे अपलोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सोशल मीडिया पर वायरल हुई,वीडियो से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था। घातक असलाह के साथ युवक की वीडियो व्हाट्स ग्रुप मे लगातार वायरल हो रही थी। जिसके बाद पुलिस ने मोरना निवासी युवक को हिरासत मे ले लिया। जहां ए टी एस व आई बी के अधिकारियो ने युवक से घंटो गहनता से पूछताछ की है।



घातक असलाह के साथ युवक की वीडियो वायरल होने से युवक के बारे जानकारी को चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

बीते सोमवार को सोशल मीडिया पर अवैध असलाह के साथ एक युवक का वीडियो वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो में युवक बेहद खतरनाक माने जाने वाले असलाह जिसे ए के 47 बताया जा रहा था को हाथ मे लेकर प्रदर्शित करा रहा था दूसरे फोटो मे यही युवक एक बंदूक को प्रदर्शित कर रहा था। एके 47 जैसे

जिसके बाद पुलिस ने वीडियो पर संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी। वायरल वीडियो मोरना निवासी युवक का बताया गया। मंगलवार को पुलिस ने युवक को हिरासत मे लिया जहां उससे एंटी टेरीरेस्ट स्कवायड व इंटेलिजेंस ब्यूरो आदि द्वारा गहनता से पूछताछ की गयी है। एटीएस टीम ने बताया की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की पूछताछ मे युवक हसीन अब्बासी निवासी मोरना से पूछताछ की गयी युवक ने बताया की 2015 मे वह खाड़ी के देश मे एक सम्पन्न व्यक्ति के घर पर नौकरी करता था। जो अपने साथ एके-47 रखता था। कार से बाहर जाने पर शेख उसे एके-47 सौंप देता था। एक दिन वह तथा उसके साथी ने एके-47 के साथ एक दूसरे के फोटो खींचकर उन्हें फेसबुक पर अपलोड कर दिए थे। यह फोटो 2016 मे फेसबुक पर अपलोड किये गये थे। दूसरे फोटो मे प्रदर्शित बंदूक गांव निवासी अंसार रजा जैदी की है। जिसे वर्षो पूर्व वह घर पर साफ कर रहा था। तभी हसीन अब्बासी वहां पहुंचा और सफाई मे सहयोग करते हुए उसके साथ फोटो भी कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की बंदूक के मालिक की लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए बंदूक के लाइसेन्स के निरस्ती करण की प्रकिर्या शुरू कर दी गयी है। सभी बिन्दुओ पर गहनता से जांच जारी है।

# एमडीए ने बीस दुकानों पर सील लगाई

## बच्चन सिंह कॉलौनी में चल रही अवैध प्लॉटिंग पर चली जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमडीए ने मंगलवार को शहर में बडी कार्रवाई की है। अहिल्याबाई चौक के निकट बनी मार्किट की बीस दुकानों को सील किया गया है। वहीं बच्चन सिंह कालोनी के निकट अवैध रूप से काटी गई 20 बीघा भूमि में प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त किया गया है।

एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा के निर्देश पर सचिव कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के जोन-3 में कार्रवाई की। अवैध भू-स्वामी एंव प्लॉटिंगकर्ता मौहम्मद सहराज, मौं कल्लू, मौ. इदरीश द्वारा बचन सिंह कालोनी से नसीरपुर रोड के गांव में 20 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से अवैध प्लॉटिंग के निर्माण कार्य को जेस. ीबी से ध्वस्त कराया। इसके बाद टीम ने शहर के अहिल्याबाई चौक के निकट सुरेन्द्र सिंह द्वारा स्वीकृति से विपरीत निर्माण पर कार्रवाई की। इस दौरान बनी मार्किट में 20 दुक. ानों को सील किया गया। सचिव ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण और सील के आदेश निर्गत हुए। इसके बाद भी भू-स्वामियों ने स्थल से अवैध प्लॉटिंग निर्माण को नहीं हटाया गया। सविच कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने जोन-3 में लगभग 20 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण किया



और मार्किट की बीस दुकानों को सील किया। कार्रवाई टीम में एमडीए के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एवं प्राधिकरण टीम के साथ पुलिस बल रहा।

# जिला अस्पताल में रैफर स्लिप को लेकर हंगामा

■ किसान यूनियन का नाम लेकर युवक ने की चिकित्सकों से बदसलूकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में उस वक्त हंगामा खडा हो गया जब युवक ने खद को शेरपर गांव का किसान यनियन का सदस्य बताते हुए चिकित्सकों और स्टाफ से बदसलूकी की।

घटना उस वक्त हुई जब युवक ने किसी मरीज की रेफर स्लिप की मांग की। चिकित्सकों ने उसे बताया कि रेफर स्लिप सिर्फ मरीज के परिजनों को ही दी जा सकती है। इस जवाब से नाराज युवक ने बदतमीजी शुरू कर दी। उसने धरने पर बैठने की धमकी भी दी।

फार्मासिस्ट डॉक्टर अनिल कुमार के अनुसार, युवक ने अस्पताल में आंखों का इलाज कराने आई हारून की बहन के साथ भी दुर्व्यवहार किया। चिकित्सकों का कहना है कि किसान यूनियन से जुडना गलत नहीं है, क्योंकि वे किसानों के हक की आवाज उठाते हैं। लेकिन कुछ लोग उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर दबंगई कर रहे हैं, हालांकि अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई। घंटों चले इस हंगामे के बाद युवक को चेतावनी देकर पुलिस चौकी के हवाले कर दिया गया।

# इमैजिनेशन स्टेशन प्रदर्शनी का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** डी.ए.वी कॉलेज के बी. एफ.ए. विभाग में वार्षिक प्रदर्शनी इमैजिनेशन स्टेशन के नाम से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन 20 मई 2025 से दिनांक 22 मई 2025 तक किया जाएगा। प्रदर्शनी का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो.गरिमा जैन, महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव डॉ. एम.के. बंसल, तपन सिंघल व मानवी प्रभा एवं स्ववित्त पोषित प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कैनवास पेंटिंग, लाइन आर्ट, रेजिन आर्ट, पोस्टर डिजाइन, प्रेस ले आउट, 3 डी पेंटिंग, मिनी आर्ट, मंडाला आर्ट, मोजाइक आर्ट, वरली आर्ट, विभिन्न प्रकार के ज्वैलरी डिजाइन, स्क्रीन पेंटिंग, वेस्ट न्यूज पेपर द्वारा बनाई गई पोशाक, डिजीटल डिजाइन इत्यादि का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.एफ.ए. विभाग की विभागाध्यक्षा कनीज हुसैन, सैय्यद फरहीन, इंदु काकरान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. वेदपाल सिंह, सहायक आचार्य डॉ. रजनीश गौतम, शिवानी, रीमा शर्मा, बायोसाइंसेज विभागाध्यक्षा डॉ. मंजू चौहान, डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. विचित्रा त्यागी, डॉ. प्रियंका, मोहित बंसल, डॉ. रूही जावेद, डॉ. रीना सैनी, डॉ. रंजीता जैन, कु. प्रीति, अनिल सैनी (एसडी कॉलेज) एवं विभाग के छात्र - छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

# रामपुरम में हुए संघर्ष का मुकदमा दर्ज

## विवाहिता के साथ मारपीट के बाद बिगड़ा था मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की देर शाम थाना खालापार के रामपुरम के निकट एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्ष पारिवारिक है और काफी देर तक यहां पथरावबाजी के साथ लाठी-डंडे व धारदार हथियार भी चले। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस को फायरिंग की भी सूचना मिली थी। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है और घायलों का अस्पताल में इलाज कराया।

बताया जाता है कि खालपाार के रामपुरम के निवासी शुऐब की बहन का विवाह शाहपुर क्षेत्र के गांव तावली के रहने वाले मुर्शरफ के साथ हुआ था। मामला उस वक्त गरमा गया जब विवाहिता सोमवार की शाम रोते हुए अपने घर पहुंची और अभी वह अपना दुखडा सुना ही रही थी कि कुछ देर बाद मुर्शरफ कुछ लोगों के साथ यहां पहुंच गया और आरोप है कि विवाहिता के भाई जुनेद के साथ गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। ईट से भी हमला करने का भी आरोप है घटना के बाद यहां अफरा-तफरी व भगदड मच गई। सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, इस समय यहां सड़क पर काफी दूर तक ईट-पत्थर पडे हुए थे जहां पीडित परिवार ने बताया कि विवाहिता के भाई को चाकू से घायल कर दिया इसके अलावा भी चार लोग घायल थे। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से बात की। पुलिस को बताया कि झगडे के बाद दोनो पक्षों में समझौते की बात चल रही थी, लेकिन दोबारा हमला किया गया। पुलिस के सामने यह भी आरोप लगाया कि फायरिंग से वह बाल-बाल बचे है। पुलिस ने करीब 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमे के बाद गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे है।

# हाथियों के झुंड ने गन्ने की फसल रौंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के मौजा सेजरामपुर में गन्ने के खेत में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने फसल को खा कर और पैरों तले रौंदकर बर्बाद कर डाली। किसान ने मुआवजे की मांग की है। कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी ललित कुमार पुत्र होरी सिंह की कृषि भूमि ग्राम रामजीवाला मार्ग पर मौजा सेजरामपुर में है। वहां पर उन्होंने गन्ने की फसल बो रखी है। सोमवार की रात हाथियों का झुंड गन्ने में घुस आया और फसल में जमकर उत्पात मचाया। झुंड ने फसल को खाकर और पैरों से रौंद डाली। सुबह होने पर जब किसान खेत पर पहुंचे तो गन्ने की फसल की दुर्दशा देखर दंग रह गए। किसान की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। किसान का कहना है कि हाथियों के झुंड ने उनका लगभग चार बीघा गन्ना रौंद डाला है।

वहीं अन्य किसान पप्पू, बबलू, उदय सिंह, शेर सिंह, प्रदीप और मुक. ेश आदि का कहना है उनकी भूमि आबादी के नजदीक है। अब हाथी आबादी के नजदीक तक पहुंचने लगे है, जिसको लेकर चिंता बनी हुई है। ये किसान परिवार सहित ही पास में रहते हैं। उन्होंने वन विभाग से हाथियों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नगीना में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह का नगीना में प्रथम बार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। रविवार की शाम जिला अध्यक्ष हेनरिता राजीव नगीना पहुंची जहां पर नगीना बिजनौर मार्ग पर शेख मोहम्मद अंजार, इश्तियाक अहमद बाबू, अभिषेक मिश्रा एड., शावेज अंजार, वाहिद अंसारी, मनोज शर्मा, रईस राज ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत अंबेडकर पार्क पहुंचकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत गांधी तिराहा पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका काफिला मौहल्ला शाहजहीर स्थित शेख मोहम्मद अंजार के निवास स्थान पर पहुंचा। जहां पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार के लिए अब जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी की तरफ है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहा. सिक जीत होगी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ओमवती देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है।

# वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की वर्षगांठ मनाई

■ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** आलमपुर सिसौली के डीएवी इंटर कॉलेज में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौ वी वर्षगांठ हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान उनके जीवन पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने सहभागिता निभाते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को प्रधानाचार्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही यहां गत दिवस



आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी प्रधानाचार्या के द्वारा सम्मानित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने मिलता है। उनके आदर्शों को जीवन में अपना कर ही तरक्की संभव है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है यह सब अध्यापकों व प्रबंधतंत्र की मेहनत की बदौलत ही संभव हुआ है।

## विधायक की भाभी के निधन पर शोक जताने पहुंचे रालोद नेता

**बुढ़ाना।** रालोद विधायक राजपाल बालियान के भाई सुरेशपाल की धर्मपत्नी वीरमती के आकस्मिक के निधन का समाचार लोगों को लगा तो उन्होने गांव गढ़ी नोआबाद पहुंचकर विधायक व उनके परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनका दुख बांटा। इस दौरान रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनील कुमार के साथ रालोद के वरिष्ठ नेता राव अब्दुल वारिस सहित अन्य नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा विधायक राजपाल व उनके भाई के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह दुख की घडी में उनके साथ है।



**बुढ़ाना: विधायक राजपाल बालियान की भाभी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे मंत्री अनिल कुमार व पूर्व विधायक राव वारिस सहित अन्य नेतागण।**

# जब बदमाश बोला-11 नहीं 1.60 लाख लूटे थे

■ पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल, दूसरा साथी दिल्ली पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर भूसा व्यापारी से हुई लूटपाट के मामले में एक आरोपी को दबोच लिया है, जबकि शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर दिल्ली पुलिस से मुठभेड कर जेल चला गया है। नई मंडी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए युवक से चौकाने वाला मामला सामने आया है आरोपी का कहना है कि उसने ग्यारह लाख नहीं एक लाख साठ हजार रूपयें लूट की घटना की थी, जबकि शिकायत कर्ता को बदमाश ने झूठा बताया है। बता दे कि अट्ठारह अप्रैल को भोपा रोड पर भूसा व्यापारी उज्जवल से लूटपाट की वारदात हुई थी। जिसमें बताया गया था कि तीन बदमाशों ने उसके कब्जे से ग्यारह लाख लूट लिए है तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी।

पुलिस ने इस मामले में सन्नी को गिरफ्तार कर 38 हजार की नगदी बरामद की। सन्नी ने बताया कि उसने सिर्फ एक लाख साठ हजार रूपयें की लूट की वारदात की थी, जबकि इसी मामले में प्रकाश में आए शातिर हिस्ट्रीशीटर अरविंद मुठभेड में दिल्ली से जेल में चला गया है अब पुलिस उसको यहां लाने की तैयारी कर रही है।

## पालिका में फिर बंदरबांट के खेल का खुलासा

# कागजों में जिम दिखाकर थी भुगतान करने की तैयारी

■ शिकायत के बाद खुली पोल, चेयरपर्सन ने जांच बैठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कागजों में ओपन जिम स्थापित कराने के नाम पर बंदर बांट के खेल का खुलासा हुआ है और कागजों में पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए ठेकेदार फर्म को भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन धरातल पर कोई ओपन जिम नहीं लगाया गया।

दरअसल नगरीय निकायों में नव विस्तारित क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना शुरू करते हुए विकास कार्यों के लिए अलग से बजट जारी किया था। इसके लिए जनसुविधा विकसित करने पर जोर दिया गया। नगरपालिका द्वारा इसी योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्राप्त धनराशि से 05 मार्च 2024 को पालिका के निर्माण विभाग की ओर से नव विस्तारित क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण के साथ ही ओपन जिम की स्थापना के लिए 18 विकास कार्य के टैण्डर निकाले गये थे। इनमें पांच स्थानों वार्ड 21, 22, 35 के साथ ही गांधीनगर रामप्यारी पार्क और हरिवृन्दावन सिटी दरोगा पार्क पर ओपन जिम स्थापित किए जाने थे। इसमें वार्ड 21 में सभासद रजत धीमान के प्रस्ताव पर दक्षिणी रामपुरी में ओपन जिम की स्थापना करने का कार्य भी शामिल किया गया। इसके लिए निर्माण विभाग ने 6 लाख 79 हजार 810 का व्ययानुमान बनाया था। इसके बाद 05 मार्च को टैण्डर आमंत्रित किये गये, जिनको खोलने का दिन 20 मार्च 2024 तय हुआ था।

शहर के नव विस्तारित क्षेत्र में आने वाले एक वार्ड में लोगों को व्यायाम के साधन उपलब्ध कराने के लिए करीब एक साल पहले पालिका ने का कार्य मामला खुला तो पालिका ने रातों रात ही मिट्टी भराव कराते हुए ओपन जिम की मशीनों को स्थापित कराने के लिए कंक्रीट फाउण्डेशन भी तैयार करा दिये गये। अब मामले में पालिका के कई अधिकारियों की गर्दन फंसती नजर आ रही हैं।

टैण्डर स्वीकृति के उपरांत पालिका के निर्माण विभाग द्वारा प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए ठेकेदार फर्म के साथ अनुबंध भी कर दिया। इसमें वार्ड 21 में ओपन जिम स्थापित करने के लिए कार्य पूर्ण करने की अवधि एक माह निर्धारित की गई थी। अब आरोप है कि मार्च 2024 में ओपन जिम लगाने का कार्य केवल कागजों में ही पूर्ण किया गया। इसी बीच इस ओपन जिम के लिए निर्माण विभाग से पत्रावली तैयार कराई गई, जिसके आधार पर ओपन जिम लगाये बिना ही पूरा भुगतान जारी करा लिया गया। इसमें बड़े पैमाने पर बंदरबांट की गई।

इस गोलमाल का पता तब चला, जबकि मामला शिकायत तक पहुंच गया। एक सभासद ने इस प्रकरण में शिकायत में कहा गया है कि चेयरपर्सन मीनाक्षी को भ्रमित कर एक साजिश के तहत भुगतान कराया गया है। कहा गया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में शहर के नव विस्तारित क्षेत्र में 18 कार्य स्वीकृत कराये गये, इनमें 13 सीसी सड़क और 05 ओपन जिम के कार्य शामिल हैं। 07 अक्टूबर 2024 को हुई पालिका बोर्ड की मीटिंग में पारित एजेंडे के प्रस्ताव संख्या 390 में न्यूनतम दर देने वाली खालसा एक्सपोर्ट प्रा.लि. मेरठ के नाम टैण्डर स्वीकृत किया गया।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल
एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# छापों के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न: हाजी फजलुर्रहमान

## सपा व्यापारी सभा ने शैलेस चौधरी को जिलाध्यक्ष व शहजाद अहमद को महानगर अध्यक्ष बनाने पर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद एवं सपा के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि भाजपा सरकार में आये दिन छापों के नाम पर व्यापारियों का उत्पीडन हो रहा है।

हाजी फजलुर्रहमान आज अपने कार्यालय पर सपा व्यापार सभा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष शैलेश चौधरी व महानगर अध्यक्ष शहजाद अहमद के मनोनयन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में व्यापारी समाज का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। जीएसटी से बड़े पैमाने पर व्यापार का नुकसान हुआ है। व्यापारी वर्ग भी अब ये मानता है कि उसका सम्मान केवल सपा



सरकार में ही संभव है।

समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती व पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ने कहा कि छोटे दुकानदारों और कारोबारियों को बढ़ावा देकर ही वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी का सपना पूरा होगा। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शैलेश चौधरी व महानगर अध्यक्ष शहजाद अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन पर जो भरोसा जताया है वह उस पर खरा उतरने का काम करेंगे और व्यापारी वर्ग के बीच समाजवादी पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा सुशील कुमार को जिला महासचिव व गौरव यादव को महानगर महासचिव नियुक्त किया गया।

इस दौरान शराफत खान चेयरमैन तीतरो, वरिष्ठ सपा नेता चौधरी अबूबकर, पुष्पेंद्र पूर्व ब्लॉक प्रमुख, सुदेश गुज्जर वरिष्ठ सपा नेता, जितेंद्र चौधरी, रिजवान जोगी पूर्व पार्षद, अरशी हसन पूर्व सांसद प्रतिनिधि, गुरदीप जाट, रईस मलिक चेयरमैन, हमजा कुरैशी, अली हवारी, रोहित कश्यप, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे।

# आठ जून को महानगर में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि 24 मई को रूडकी व 8 जून को सहारनपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। साथ ही 29 मई को पूरे देश में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ.चरण की पुण्यतिथि मनाई जायेगी।

चौ.नीरपाल ने यह बात उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपक तोमर, उत्तराखंड खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, उत्तराखंड महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष कमलप्रीत अरोड़ा, एड. प्रकृति देशवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, उत्तराखंड प्रदेश सचिव ओमवेश त्यागी ने पार्टी राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के साथ विस्तार से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक,दिल्ली प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रेयान त्यागी, प्रदेश सचिव, ओ डी त्यागी, प्रदेश महासचिव रवीन्द्र चौहान उपस्थित रहे।

# एस आलम सहारनपुर व पार्षद डा. अहतेशाम नकुड़ प्रभारी बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती अपने पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह देने की कडी में एस आलम को सहारनपुर व पार्षद डा. अहतेशाम को नकुड विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।





बताते चले कि एस आलम बहुजन समाज पार्टी की स्थापना से ही एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में काम करते चले आ रहे है। जबकि पार्षद डा. अहतेशाम भी पार्टी के पुराने कार्यकर्ता है। दोनों को ही बहनजी ने विधानसभा चुनाव 2027 से पहले महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती, नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर बेनीवाल, पूर्व सांसद मुनकाद अली, पूर्व एमएलसी मेघराज जरावरे, जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन, कुलदीप बालियान का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसका बखूबी निर्वाहन किया जायेगा ताकि बसपा संगठन पूरे जिले में मजबूती से उभरे।

# शहर को सुन्दर व समृद्ध बनाना प्राथमिकता: डा. अजय

## दो वार्डों में एक करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों के निर्माण का मेयर ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज मिशन कंपाउण्ड सहित शहर के दो वार्डो में एक करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर में निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं। हमारा प्रयास सहारनपुर को एक सुंदर और समृद्ध शहर के रुप में विकसित करना है।

सहारनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सीसी सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्यो की कड़ी में आज महापौर डॉ अजय कुमार ने वार्ड 55 स्थित मिशन कंपाउंड मॉडल टाउन में सीसी सड़क व नाली निर्माण का नारियल फोड़कर



शुभारंभ किया। सड़क व सीसी निर्माण पर करीब 60 लाख रुपये की लागत आयेगी। वार्ड 10 स्थित गांधी नगर, गली नंबर 3 में भी 45 लाख की लागत से बनने वाली सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि वार्ड 55 व वार्ड 10 में शुरु किये गए विकास कार्य नागरिक सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास सहारनपुर को एक सुंदर और समृद्ध शहर के रुप में विकसित करना है। इस दौरान उपसभापति मुकेश गक्खड़, दल नेता व पार्षद संजय गर्ग, पार्षद अनिल शर्मा, पार्षद राजू एवं पार्षद गौरव कपिल के अलावा पूर्व पार्षद यशपाल पुंडीर, मंडल अध्यक्ष मनीष सचदेवा, बलदेव राज खुंगर, नवीन ठक्कर, राजीव मखीजा आदि मौजूद रहे।

# सरकार शिक्षा की जरूरत पर दे ध्यान: हाजी सरफराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** बसपा कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन ने कहा कि शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है।

हाजी सरफराज ने बसपा सुप्रीमो द्वारा एक्स पर की गई पोस्ट का हवाला देते हुए कहा कि यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में वर्ष 2023-24 में 1.74 करोड दाखिले हुए, लेकिन 2024-25 में मात्र 1.52 करोड, अर्थात स्कूल दाखिला में करीब 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिंतनीय है। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरूद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को ओर कमजोर करने वाला गैर जरूरी व अनुचित है। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर है। उन्होंने कहा कि वैसे तो सरकारी स्कूलों के हालात देश के अधिकतर राज्यों में काफी खराब है, लेकिन यूपी व बिहार में यह अति दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूल शिक्षा पर ध्यानदेकर इन्हें बंद करने की बजाये प्रोत्साहन जरूरी है।

# राष्ट्रवाद की भावना अपनाएं: मुकेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** चौधरी बुगल सिंह सैनी राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी व कॉलेज की प्रधानाचार्या सोनम ने संयुक्त रूप से किया।

विधायक मुकेश चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें रानी लक्ष्मीबाई राजमाता अहिल्या बाई होल्कर सोफिया कुरैशी तथा व्योमिका सिंह जैसी वीरांगनाओं और शिक्षित नारियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रवाद की भावना को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने हर दौर में समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी है। प्रधानाचार्या सोनम ने भी अपने संबोधन में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी और छात्राओं से समाज व देश के गौरव को बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने राजमाता के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी। इसके अतिरिक्त रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में वंशिका समूह ने प्रथम, तुलसी ग्रुप ने द्वितीय, और फैंसी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में तुलसी, इशांत और आरुषि ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर पूनम रानी, आंचल श्रीवास्तव, रजनी रानी, शिवानी वालिया, पंकज आर्य, पंकज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा तैयारियों पर विचार

**छुटमलपुर।** श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की। यह यात्रा देश के वीर जवानों के सम्मान और उत्साहवर्धन के लिए आयोजित की जा रही है।

मंडल अध्यक्ष अमित सेन ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार, बेहट विधानसभा के तहत छुटमलपुर मंडल में 23 मई को शाम 4 बजे यह यात्रा डाक बंगले से शुरू होकर मनकामेश्वर मंदिर, ज्योतिकरण चौक, सहारनपुर रोड होते हुए पंजाबी मार्केट, रुड़की रोड पर एएचपी इंटर कॉलेज में समाप्त होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का आह्वान किया। यात्रा के संयोजक पूर्व विधायक नरेश सैनी और मॉनिटरिंग संयोजक डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा होंगे। बैठक को जिला पंचायत सदस्य बिजेंद्र कश्यप, दुबे सिंह कंबोज, और भाजपा नगर प्रभारी मंजू शर्मा ने भी संबोधित किया। मंजू शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी नीरज जैन, विशाल बंसल, डॉ. अक्षय दीक्षित, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजन शर्मा, राजेश राणा, अनुज राणा, विजय राणा, अंकुर सैनी, गौरव वर्मा, हेमंत सैनी, रोहित सैनी, सुरेंद्र सैनी, यशदेव सैनी, पूर्व प्रधान अनुज कंबोज, राजकुमार, प्रवेश कंबोज, सभासद अंकुर सैनी, रजत पुंडीर, प्रियंका कंबोज, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता अरोड़ा, विकास चौहान, दिनेश शर्मा, यशपाल प्रजापति, रकम सिंह सैनी, डॉ. देवराज पुंडीर, मास्टर ओम प्रकाश सैनी, गीता राम कंबोज, बबीता कंबोज, उर्मिला सैनी, रेनू सैनी, रेखा, राकेश चौधरी, मीनू सैनी, सुमित कंबोज, कमर पाल राठी, संदीप रोहिल्ला, सुलेख चंद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और सैनिकों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगी।

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एवं जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना की अध्यक्षता में आज आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटिया महल में प्रबोध कुमार वर्मा पूर्ण कालिक सचिव/अपर जिला जज एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के अनुगत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।





मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर, जिसे गर्भाशय ग्रीवा कैंसर भी कहा जाता है, एक ऐसा कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा में होता है, जो गर्भाशय और योनि को जोड़ता है। यह अक्सर एचपीवी संक्रमण से होता है और समय पर निदान और उपचार से इस कैंसर को प्रभावी ढंग से प्रतिबंधित किया जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर दुनिया का एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसकी रोकथाम वैक्सीन द्वारा सम्भव है। इस अवसर पर पूर्ण कालिक सचिव/अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा, डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर श्रीमती शिवांका गौड, चीफ लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल अमित मेहरा एवं डिस्ट्रिक्ट कन्सलटेन्ट मुदस्सर अली ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटिया महल की प्रधानाचार्य श्रीमती संतोष ने कार्यकम में उपस्थित सभी अतिथिगण का आभार प्रकट किया एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी स्टॉफ से लोहित भारती, राखी, दीपांश खडवाल एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# कैंसर लीवर व किडनी के बढ़ रहे रोगी: फरहाद

## नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों की बनी समस्या, डीएम से मिल सैम्पलिंग की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड़ विधानसभा के अधिकांश गांवों में कैंसर लीवर एवं किडनी के बढ़ रहे रोगियों को देखते हुए पानी की सैंपलिंग कराई जाए ताकि अकारण मौत का शिकार हो रहे लोगों को बचा जा सके।

आज समाजवादी पार्टी युवा जनसभा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फरहाद आलम गाड़ा के नेतृत्व में नकुड़ विधानसभा के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान जिलाधिकारी मनीष बंसल से मिले और उन्हें सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया कि नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पीने के पानी के कारण ग्रामीणों को कैंसर लीवर एवं किडनी फेल होने जैसी गंभीर बीमारियां सामने आ रही है और ग्रामीणों को बिना कारण ही



मौत का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत जा चुका है, लेकिन आज तक भी जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि नकुड़ विधानसभा में अत्यधिक गांव का पानी दूषित हो चुका है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि इन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों को भेजकर तत्काल पानी की जांच को नमूने लिए जाए जिससे कि गांव में फैल रही भयंकर बीमारियों को रोका जा सके और अकारण ग्रामीणों को मौत का शिकार न होना पड़े।

इस दौरान प्रधान सरवर, आफताब नसीम सलमानी मयूर बाबू मोहम्मद अली चांद मोहम्मद आबूबाकर शादाब नंबरदार सुभान लियाकत अली बरकत अली राजू ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# गुणवत्ता से कार्य हों पूर्ण: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद में निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यो को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित 1 करोड रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराया जाए। इसके साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की परियोजनावार समीक्षा कर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में संतुलन बना कर रखें। विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। नकुड अध्याना मार्ग के लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा बिल एक सप्ताह में उपलब्ध न कराने पर नोटिस देने के सख्त निर्देश दिए। सेंटर फॉर एक्सीलेंस हनी को भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि यदि किसी परियोजना में शासन स्तर पर पत्राचार किया जाना है तो उनके स्तर से पत्र भिजवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की पूर्ण परियोजनाओं को विभाग को हस्तानान्तरित कराया जाए। इसी के साथ पूर्ण परियोजनाओं को सीएमआईएस पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए नियुक्त अधिकारियों को समय- समय पर निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आंदोलन की रणनीति बनाई

**तीतरों।** भाकियू अ. के पदाधिकारियों ने कलसी में मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों में मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की।

गांव की चौपाल में किसानों के बीच पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी जगपाल सिंह ने कहा कि सरकार किसान को कमजोर समझने की कोशिश ना करें। आज किसान की आर्थिक स्थिति खराब है। इस दौरान तय किया गया कि एसडीएम तथा जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे के बारे में बात की जाएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शेरपाल राणा, जिला अध्यक्ष चौधरी सुदेश पाल, जिला उपाध्यक्ष प्रवेश चौधरी, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष महबूब अली, कुलबीर सिंह, सुमित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# वर्षा में कहीं न हो जलभराव: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नालों से अतिक्रमण हटवाकर उनकी पूरी तरह सफाई कराएं ताकि वर्षा ऋतु में जलभराव न हो। उन्होंने कहा कि सभी सफाई निरीक्षक सुबह छह बजे से फील्ड में रहें।

उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को वर्चुअल मीटिंग के जरिये निगरानी रखने तथा फॉगिंग कार्य पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरी ने यह निर्देश जनसुनवाई में नालों पर आयी अतिक्रमण व सफाई सम्बंधी शिकायत के संदर्भ में दिए। जनसुनवाई में आयी आठ शिकायतों में से सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया। बाकि शिकायतों के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा।

नगरायुक्त ने जलकल विभाग को भी शहर के ट्यूववैलों व हैंड पम्प चौक कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि विद्युत यांत्रिक दोष के कारण कोई ट्यूववैल खराब है तो उसे तुरंत ठीक कराकर चालू कराएं। वार्ड 22 श्यामपुरी कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने कॉलोनी की बगीची के पास नाली की साफ सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी भेजकर तत्काल सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 55 के चंद्रनगर निवासी ओमप्रकाश चौपड़ा ने चंद्रनगर पार्क में बने शौचालय की साफ-सफाई कराने, वार्ड 32 खान आलमपुरा निवासी फिरोजखान ने ढमोला नदी के किनारे नाले की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 16 नवीन नगर निवासी सितार सिंह ने गली नंबर पांच में सीवर की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा वार्ड 61 धोबीवाला के वसीम ने गोटेशाह की चुंगी से आजाद कॉलोनी तक फलों की ठेली का अतिक्रमण, वार्ड 06 दराकोटतला के इकराम ने बालपुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा किये गए अतिक्रमण तथा वार्ड 20 के इफ्तखार ने दाबकी जुनारदार में अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नवमनोनीत पदाधिकारियों को दिलाई पद की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापार एकता व्यापार मंडल सहारनपुर के द्वारा नवगठित जिला इकाई एवं नगर इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में व्यापारियों को तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। ग्रहण समारोह में जिलाध्यक्ष विनय जैन व महानगर अध्यक्ष सन्नी विजय मल्होत्रा के नेतृत्व में जिला व नगर सहारनपुर के सैकड़ों व्यापारियों ने व्यापार मंडल की नीतियों से प्रभावित होकर व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि पश्चिमी एकता



व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा व अन्य पदाधिकारियों को व्यापार मंडल को दिनों दिन नई ऊंचाइयों पर ले जाने व एक अनुशासित संगठन बनाए जाने पर बधाई दी और कहा कि यह व्यापार मंडल व्यापारियों के लिए हितबद्ध है तथा निष्पक्ष रूप से अधिक से अधिक हर प्रकार के व्यापारियों के लिए कार्य करता है। पूर्व मंत्री संजय गर्ग द्वारा नवनियुक्त जिला एवं नगर इकाई के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये गये तथा उन्हें शपथ दिलाकर पद पर मनोनीत होने की बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने कहा कि व्यापारियों के लिए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल जीजान से सहायता करने को तैयार है। उन्होंने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि किसी भी व्यापारी का किसी भी विभाग द्वारा उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भारती भानू एडवोकेट, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखें। जिला इकाई में विनय जैन को जिला अध्यक्ष, शांतनु शर्मा को जिला महासचिव, कुलदीप शर्मा को जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवीण सैनी को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया व नगर इकाई में सन्नी विजय मल्होत्रा को नगर अध्यक्ष, रोहित अग्रवाल को नगर महासचिव एवं विश्वनाथ गोयल नगर उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत हुए। जिलाध्यक्ष विनय जैन, नगर अध्यक्ष सन्नी विजय मल्होत्रा ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसके लिए वह प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते है। इस अवसर पर सरदार हरप्रीत सिंह बग्गा, देवेन्द्र अरोड़ा, अमित सेठी, वरूण सक्सेना, सुमित शर्मा, नवऋषि भानू, नितिन कुमार गुप्ता, कुलदीप गुलाटी, कुवंर डंग, उदित, नवीन खुराना, संजय, नीशु सुखीजा, सुमित मलिक, अमनदीप सिंह, गुरसिदोक सिंह, मंजीत, मुकेश अरोड़ा, मुनीर, सुधीर जैन, सुरेश बब्बर, मनोज भूर्यान, प्रवीण बागला, दीपक गाँधी, सन्नी पचनंदा, खुर्रम फारूखी, साबिर, साद अहमद, राघव गर्ग, सी. ए. राज रोहिल्ला, ऋत्विक गर्ग, संजय सिंघल, अंकित जैन, श्रीकांत गुप्ता, विनय अग्रवाल, अतुल अरोड़ा, शिवा गोयल, महेन्द्र वर्मा, रोहित, गौतम आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 21 मई 2025

## कौन मीरजाफर, जयचंद

इस समय देश में बेहद विरोधाभासी बातें हो रही हैं। एक तरफ सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए सात संसदीय दल गठित कर विदेशों में भेज रही है, जो 21 महीने से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे। इन दलों में 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक शामिल किए गए हैं और उसकी शुरुआत शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आज यानि 21 मई से होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारे तमाम राजनी. तिक दल आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। बात मीजर जाफर व जयचंद तक भी पहुंच गई है। इसकी शुरुआत मंगलवार को भाजपा नेता अमित माल्वीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनीर के साथ मिक्स किया, तो इसके जवाब में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार की सांय तीन बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया गया। इससे तुच्छ राजनीति और क्या हो सकती है। ऐसे समय में जब पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत थी, वह पूरी तरह बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। आखिर जो हमारा डेलिगेशन भारत का रुख रखने के लिए विदेशों में जा रहा है। उसकी इस तरह साख क्या रह जाएगी। जब देश में इस तरह आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है और विदेश मंत्री को जयचंद बताया जा रहा है और नेता प्रतिपक्ष को मीर जाफर, तो बाहर के लोग ये माजरा देखकर हमसे कितने प्रभावित होंगे यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। सभी जानते हैं कि मीर जाफर मुगल जनरल था और उसको भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। असल में 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था और उसने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौता किया था। जिसके चलते सिराजुद्दौला की हार के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था, तो सिराजुद्दौला से गद्दारी करना मीर जाफर को इतना भारी पड़ा कि वह इतिहास में दर्ज हो गया और उसका नाम दशकों बाद भी गद्दारों के पर्यायवाची के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सवाल यह है कि जब सरकार ही अपने देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों व जनता को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है, तो कहीं न कहीं यह तो माना ही जाएगा कि सरकार की नीति में झोल है। यह ठीक है कि हर बात को बताना जरूरी नहीं होता, लेकिन यह भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहां उठते सवालों के जवाब लोगों की जिज्ञासा को शांत कर सकें। सरकार को यह भी समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना देश की आलोचना नहीं होता। हर कोई जानता है कि विकट परिस्थितियों में आपसी भरोसे व एकजुटता के साथ ही सफलता पाई जा सकती है। ऐसे में जरूरत थी कि पूरा राष्ट्र एक धागे में माला की तरह गुथा हुआ दिखाई देता।

## निजी मदरसों के प्रति रवैया बदले सरकार



उप्र के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है, निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन करना वाहिए, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़, अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट आई, सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है, शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है, फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित है, निजी मदरसों के प्रति सरकार रवैया बदले तो बेहतर रहेगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में सुधार आने की उम्मीद है, सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं।**

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई पर विशेष**



जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साए में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिलाकर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनी. तिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया।

यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के .ढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है।

जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आतंकवाद के विरुद्ध बदले भारत के तेवर

**आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है।**

ढुलमुल नीति से कभी लक्ष्य न साधे जाएं, जैसे कम्पित अम्बु में प्रतिबिम्ब नहीं दिखाएं। धनुष-बाण संधान कर डोरी खींचो तान, इच्छाशक्ति दृढ़ करो सिद्धि मिले सुजान। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां आतंकवाद पर भारत के बदलते तेजी से रुख को परिभाषित करती हैं। आतंकवाद भारत ही नहीं, विश्व मानवता के लिए एक प्राणघातक अभिशाप है जिसका दमन, मर्दन और संहार समय की नितांत आवश्यकता है। भारत ही नहीं विश्व के अनेक देश इससे उत्पीड़ित व रक्तरंजित हुए हैं और कई देशों और संस्थाओं ने आतंकवाद को पोषित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है। उनमें से एक है-पाकिस्तान जो ओसामा बिन लादेन सहित अन्तर्राष्ट्रीय घोषित आतंकवादियों की शरणस्थली व पालक भूमि है। फिर भी जो देश बड़ी बेशर्मी से अपने को शान्ति प्रिय देश घोषित करता है, जबकि उसके संरक्षण में ही आतंकवाद पोषित व पल्लवित हुआ है। आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है। भारतीय सैन्य बलों के अदम्य साहस, शौर्य व ताकत के साथ प्रधानमंत्री की आतंकवाद की जड़ों को नेस्तनाबूद करने की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है क्योंकि पहले भारत को सॉफ्ट स्टेट माना जाता था जो आतंकी हमले के बाद निन्दा के वक्तव्य जारी करने के साथ आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के साक्ष्य जुटाकर और डोजियर तैयार कर अमेरिका सहित प्रमुख देशों को उसे साझा कर कूटनीतिक अभियान चलाया जाता था और पाकिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती थी, क्योंकि भारत के सैन्यबलों के पास आधुनिक उन्नत हथियारों और रक्षा उपकरणों की कमी थी और सबसे बड़ी बात भारत के राजनीतिक नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त कार्यवाही की इच्छाशक्ति का घोर अभाव था जबकि 12 मार्च 1993 के मुम्बई धमाके, 13 दिसम्बर 2001 का संसद पर हमला, 26/11/08 का मुम्बई हमले के साथ ही ट्रेन, मन्दिर, न्यायालय व सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमले भारत की आत्मा पर हमले थे किन्तु निन्दा प्रस्ताव और डोजियर के अलावा कोई ठोस प्रत्युत्तरात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण आतंकवादियों के हौसले बुलंद थे किन्तु 2014 में सत्ता परिवर्तन के साथ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। परिणामस्वरूप आतंकवाद जम्मू-कश्मीर तक सीमित रह गया। 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जबाव दिया और पाकिस्तान को सचेष्ट करने का प्रयास किया कि उसे आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी किन्तु चोर चोरी से जाय हेराफेरी से न जाए, की कहावत को चरितार्थ करते हुए 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसका कड़ा जबाव भारत ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवाद पर भारत ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के साथ विश्व स्तर पर मित्र देश बढ़ाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ -साथ सैन्य क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण व आधुनिककरण पर बल दिया और सैन्यबलों को परमाणु हमलों में सक्षम आईइनएस अरिहंत, अरिघात, अरिदमन पनडुब्बियों, एयेर डिफेंस सिस्टम एस-400 और स्वदेशी आकाश, इजरायल की बराक मिसाइलों और हारोप ड्रोन, राफेल युद्धक विमानों से सुसज्जित किया ताकि सैन्यबल पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के साथ लक्ष्य निर्धारित सटीक कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें, जिसकी परिणति पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली। इस ऑपरेशन में 9 जगह में से 4 पाकिस्तान और 5 पीओके की जगहों को निशाना बनाकर हमले किए गए जो लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्र व शरणस्थली थे। इसके साथ ही लश्कर का मुख्यालय मुरीदके और जैश के मुख्यालय बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया। पहली बार आतंकी कैम्पों को पालने, पोसने और समर्थन देने वालों को निशाना बनाया गया। भारत ने रावलपिंडी, लाहौर और कराची समेत कई पाकिस्तानी शहरों के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को ध्वस्त किया। जहां से भारत पर लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। इसमें इजरायली ड्रोन-हारा. ेप, युद्धक विमान राफेल, एस-400, बराक-8 और स्वदेशी आकाश रक्षा प्रणालियों का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में भारत बुद्ध को मानने के साथ ही युद्ध से भी नहीं डरता, क्योंकि आज का भारत छेड़ने पर किसी को नहीं छोड़ता और सुदर्शन चक्रधारी कृष्ण के इस महावाक्य को चरितार्थ करने हेतु संकल्पित है कि उत्तिष्ठ कौन्तेय, युद्धाय कृतनिश्चय अर्थात मानवता की रक्षा और आताताईयों के नाश के लिए युद्ध कर। देश इस भावना को अंगीकार कर रहा है।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्कॉन के हुए दो फाड़: सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला





**रजनीश कपूर**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

16 मई 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया। जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। इस ऐतिहा. सिक जीत पर इस्कॉन बेंगलुरु के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक, मधु पंडित दास ने कहा कि यह विवाद संपत्तियों के स्वामित्व का नहीं था, बल्कि हमारा संघर्ष उन स्व-घोषित गुरुओं के खिलाफ था, जिन्होंने प्रभुपाद की इच्छा का उल्लंघन किया और प्रभुपाद के लिखित आदेश के विरुद्ध खुद को आध्यात्मिक गुरु घोषित कर दिया। पहले वे जोनल आचार्य बने फिर संस्था में पनपे विरोध के दबाव में उन्होंने दर्जनों गुरु बना डाले। इससे इस्कॉन का बहुत पतन हुआ। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ऋत्विक की भूमिका निभाएं।

1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी। जिसे आज पूरा विश्व हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक ऋत्विक प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ऋत्विक नए भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा।

1977 में वृन्दावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपा. धियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, मंकी ऑन द स्टिक में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है।

नवंबर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश-विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की स्थापना की। जिसका लक्ष्य स्व-घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और ऋत्विक प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रुख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व-घोषित गुरुओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरु और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरुआत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है।

इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है। भविष्य में अनाधिकृत और अयोग्य लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए ल प्रभुपाद ने इस्कॉन में ऋत्विक प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को दीक्षा गुरु नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान के समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए गहरी साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पा कर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का भद्दा मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव को जीतने वाले लोगों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन जीबीसी द्वारा बनाए गए ऐसे दर्जनों गुरुओं का पिछले वर्षों में नैतिक पतन हो चुका है और वे संन्यास लेने के बाद फिर से गृहस्थ बन गए हैं। ये भी सन्यास प्रणाली का विद्रूप स्वरूप है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए केवल एक कानूनी जीत नहीं है, बल्कि यह ल प्रभुपाद की रित्विक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा ने दिया इजरायल को अलटीमेटम

## कहा: गाजा में जंग नहीं रोकी, तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा



**इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों पर रोक लगा दी थी**

**पिछले ढाई महीने में गाजा में UN व बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए**

**तेल अवीव।** इजरायल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजरायल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजरायल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया।

साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजरायली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरूरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से लोगों को बचाते बचावकर्मी।

## पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का प्रमोशन

### पीएम शरीफ ने फील्ड मार्शल के पद पर नवाजा

**आर्मी चीफ अब पाकिस्तान सेना के दूसरे फील्ड मार्शल**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया।

मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ आपरेशन बुनयान- उम-मार्सूस के दौरान आर्मी के बेहतर तरीके से लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में असीम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

## अफगान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

**अजीत डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत पाकिस्तान की घेराबंदी तेज**

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अह्मदियान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कारिडोर पर जोर दिया गया। भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है। ईरानी सचिव अह्मदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

## चीन पाकिस्तान में बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

### 700 कीट होगी बांध की ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी

**चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया**

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है। इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कारपोरेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड राकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा। इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा। पाकिस्तानी अखबार डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक डैम का काम 2027 तक कंपलीट हो सकता है। फिलहाल डैम में पावर और सिंचाई टनल की खुदाई, स्पिलवे का निर्माण और अपस्ट्रीम काफरडैम पर भी काम चल रहा है।

## ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही

**मॉस्को/वाशिंगटन।** रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है।

## अफगान भी रोकेगा पाक का पानी

**कुनार नदी पर डैम बना रहा अफगानिस्तान, ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे: अफगान जनरल**

**काबुल।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा: यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती।

यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है।

## चीन में सरकारी अधिकारियों के खर्च में कटौती

**बीजिंग।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और आफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरकारी खर्च को कम करने के लिए लिया गया है। चीन में अब आफिस में मंहगे भोजन, शराब और सिगरेट नहीं परोसे जाएंगे। प्रोग्राम में भव्य फूलों की सजावट नहीं की जाएगी। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने अधिकारियों पर खर्च में कड़ाई और बचत की मांग की है। जिसमें अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची रोकने को कहा गया है। सरकार ने हो रही फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

## स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

**जिनेवा /नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है।

